CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 32 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 18 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा की शिवराज सिंह चौहान ने जमकर तारीफ की और कहा राजस्थान कृषि क्षेत्र के नवाचारों से देश को दिखा रहा नई दिशा

***केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने जयपुर से 'भारत विस्तार' का किया शुभारंभ , 'भारत विस्तार' से कृषि में डिजीटल क्रांति का शंखनाद और किसानों को उनकी भाषा में मिलेगी कृषि से जुड़ी त्वरित एवं सटीक जानकारी,एआई आधारित तकनीकी प्रणाली कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम, कार्यक्रम में किसानों ने 155261 नम्बर डायल कर भारत विस्तार के माध्यम से किया संवाद, कृषि से जुड़ी समस्याओं का तुरंत मिला समाधान***

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पिछले 2 साल में भजनलाल शर्मा की ओर से कृषि और खेती के कल्याण और विकास के लिए जो नवाचार और जो निर्णय लिए गए उन सबकी मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जमकर तारीफ की। हालांकि शिवराज सिंह चौहान पूर्व में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कई बार बड़ी-बड़ी सार्वजनिक सभा में तारीफ कर चुके हैं और भजनलाल शर्मा के कार्यक्रमों नीतियों और निर्णय की प्रशंसा करके भजन लाल शर्मा को एक श्रेष्ठ और कुशल मुख्यमंत्री बता चुके हैं। मंगलवार को भी उन्होंने एक बार फिर से प्रदेश में कृषि और खेती में आए क्रांतिकारी बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुए इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिया । केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से कृषि में डिजीटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। इस प्लेटफॉर्म से अन्नदाता किसानों को एआई आधारित प्रणाली में सही समय पर उनकी खेती से जुड़ी विविध जानकारियां त्वरित मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर से पूरे देशभर में शुरू हुए इस एआई आधारित नवाचार से




किसानों को एकीकृत डिजीटल प्लेटफॉर्म पर समग्र कृषि सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिससे कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता को बल मिलेगा एवं किसान सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनेंगे। चौहान मंगलवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित भारत विस्तार के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को रियल टाइम मंडी मूल्य, भारतीय कृषि शोध संस्थान की कृषि पद्धतियां, केन्द्र की कृषि संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, मौसम पूर्वानुमान, कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन सहित तमाम जानकारियां एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल पाएगी। वर्तमान में यह हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया है तथा भविष्य में यह 11 अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगा। साथ ही, आगामी समय में इस प्लेटफॉर्म को एग्रीस्टैक से भी जोड़ा जाएगा जिसके तहत किसान अपनी फार्मर आई.डी. के माध्यम से अपने खेत से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री कृषक कल्याण के लिए कर रहे निरंतर कार्य

केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि का विविधीकरण, प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, किसानों को खेती के साथ पशुपालन एवं कृषि वानिकी के लिए प्रोत्साहन सहित अनेक ऐसे निर्णय लिए गए हैं जिससे देश का अन्नदाता लाभान्वित हो रहा है सूक्ष्म सिंचाई में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान-शिवराज सिंह चैहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्थान में कृषि क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। साथ ही, कृषि में तकनीक की उपयोगिता से राज्य देश को दिशा भी दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10 एग्रो जलवायु क्षेत्र हैं, एक बड़ा हिस्सा रेगिस्तान का है।

## भारत विस्तार तकनीकी प्रणाली बढ़ाएगी किसानों की खुशहाली

भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ए.आई. के माध्यम से लागू होने वाली प्रणाली भारत विस्तार कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह किसानों की खुशहाली को और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने आधार, यूपीआई और एग्रीस्टेक जैसे मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म की तर्ज पर कृषि में ए.आई. पर आधारित एक राष्ट्रीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भारत-विस्तार तैयार किया है। यह एक ऐसा तकनीकी बदलाव है जहां तकनीक, ज्ञान और किसान एक साथ आगे बढ़ते हैं। भारत विस्तार के माध्यम से किसानों के फोन में फसल की योजना, खेती के बेहतर तरीके, कीट से बचाव, मौसम की जानकारी, बाजार भाव, मत्स्यपालन, पशुपालन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होगी। इससे प्रदेश के किसानों को भी व्यापक फायदा मिलेगा।

## किसानों तक सेवाओं की पहुंच होगी सरल और एकीकृत

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी जानकारी और सेवाएं सीधे बातचीत के माध्यम से तुरंत उनकी भाषा में मिलेंगी। महाराष्ट्र से महाविस्तार, बिहार से बिहार कृषि, और गुजरात से अमूल जैसे सिस्टम पहले ही इससे जुड़ चुके हैं। यह एक साझा डिजिटल आधार है, जो केंद्र और राज्यों की प्रणालियों को जोड़कर किसानों तक सेवाएं सरल, एकीकृत और भरोसेमंद तरीके से पहुँचाने का माध्यम बनेगा। वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा दें किसान-भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं है, वह इस राष्ट्र की नींव है। हमारा किसान वैज्ञानिक तरीके से कृषि करें, तो निश्चित उसकी आय बढ़ेगी, जिससे देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमें कृषि को आगामी पीढ़ी के लिए संजोकर रखना चाहिए। अधिक खाद और कीटनाशक के उपयोग से मृदा खराब होती है। इसलिए यह जरूरी है कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही आवश्यकतानुसार खाद एवं कीटनाशक का उपयोग करना चाहिए।

## कृषि के साथ-साथ पशुपालन पर भी फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में चार जातियां हैं युवा, महिला किसान और मजदूर। जिनके उत्थान के लिए हम कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में कृषि के साथ-साथ पशुपालन पर भी ध्यान दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अब तक 14 लाख से अधिक पशुओं की निःशुल्क बीमा पॉलिसी जारी हो चुकी है। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से पशुपालक परिवारों को 676 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया गया है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

## किसानों के हितों पर किसी भी तरह की आंच नहीं आने दी जाएगी

: केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए किसान हित सर्वोपरि है तथा उनका मानना है कि वे किसानों के हित पर किसी भी तरह की आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006-07 में जब चीनी का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ तब तत्कालीन सरकार द्वारा चीनी का बफर स्टॉक क्यों नहीं किया गया, किसानों को संरक्षण क्यों नहीं दिया गया। साथ ही, पहले भारत खाद्य तेलो में आत्मनिर्भर था लेकिन तत्कालीन सरकार की गलत नीतियों के कारण खाद्य तेल में देश आयात पर निर्भर हो गया। उन्होंने पशुपालकों को आश्वस्त किया कि दूध, दही, घी, पनीर अथवा कोई भी डेयरी उत्पाद का आयात नहीं किया जाएगा। साथ ही, किसानों तथा गौ पशुपालकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# मंगलवार को हंगामा की वजह से बार-बार सदन की कार्रवाई हुई स्थगित, जयपुर में गाय का कटा हुआ सर मिलने को लेकर हुआ विवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपस में टकराव और गतिरोध होने की वजह से बार-बार हंगामा हुआ जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बार-बार सदन की कार्रवाई को स्थगित किया मंगलवार को सात बार विधानसभा की कार्रवाई हंगामा की वजह से स्थगित की गई द्य मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव होने की बड़ी वजह पिछले दिनों राजधानी जयपुर में एक व्यक्ति द्वारा अपने बाड़ेमें गाय का कटा हुआ सर लटकाने के मामले को लेकर हुआ यह विवाद भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य की ओर से विधानसभा में राज्य सरकार के गाय को राज्य माता का दर्जा देने की मनसा पर पूछा गया था भाजपा विधायक आचार्य ने सरकार से पूछा था कि क्या सरकार गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने का विचार रखती है इसी बात को लेकर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि पिछले दिनों जयपुर में एक भाजपा कार्यकर्ता ने ही गए का कटा हुआ सर अपने बारे में लटकाया था इस मामले में पुलिस ने जब आरोपी को पकड़ा तो भाजपा विधायक गोपाल शर्मा उस युवक को पुलिस स्टेशन से छुड़ा कर ले आए इसलिए भाजपा के जनप्रतिनिधि ही गौ माता के लिए ऐसा भाव रखते हैं तो फिर भाजपा की सरकार गौ माता की रक्षा संरक्षण कहां से करेगी जूली ने कहा कि सरकार को भाजपा के उस कार्यकर्ता को भी गिरफ्तार करना चाहिए जिसने गाय का सर लटकाया और जिस विधायक ने आरोपी को पुलिस स्टेशन से



छुड़ाया उस विधायक के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए इसी बात को लेकर सदन में मौजूद गोपाल शर्मा गुस्से में हो गए और उनके टीकाराम जूली और कांग्रेस पार्टी के अन्य विधायकों से कहा सुनी हो गई सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच आपस में जोरदार टकराव और तकरार के हालात बन गए सदन में नारेबाजी होने लगी इस दौरान गोपाल शर्मा ने खुद को इस पूरे मामले से बेकसूर बताते हुए विधायक पद से इस्तीफा देने की पेशकश करने के लिए सदन की गैलरी में आए इस दौरान उनकी काफी आक्रामक मुद्रा थी उनके हाव-भाव और आक्रामक मुद्रा को देखकर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से कहा कि भाजपा विधायक का आचरण और व्यवहार ठीक नहीं है और जिस तरह से वे मुक्का ताना कर विपक्ष की ओर आए ऐसा लग रहा था जैसे वह विपक्ष पर आक्रमण कर रहे हैं इसलिए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए इसी बात को लेकर विपक्ष के सदस्य जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे जिसकी वजह से सदन में काफी शोर सराव और हंगामा की स्थिति पैदा हो गई स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन के माहौल को शांत करने की भरपूर कोशिश की बार-बार चेतावनी के बाद भी विपक्ष अपनी मांग पर नारेबाजी करता रहा इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्रवाई स्थगित कर दी इस तरह से मंगलवार को कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति बनी रही जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष को बार-बार सदन की कार्रवाई को स्थगित करना पड़ा हालांकि बाद में भारतीय जनता पार्टी के विधायक गोपाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके कहा कि उनका पूरा जीवन सनातनी, कट्टर हिंदू परंपरा और कट्टर ब्राह्मणवाद, राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभक्त से जुड़ा रहा है

# दोपहर की इस्लामी नमाज से पहले जयपुर और जोधपुर बेंच में 19 बम एक साथ फटेंगे, पुलिस ने दोनों जगह कोर्ट परिसर खाली कराया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर और जयपुर बेंच में मंगलवार की दोपहर की इस्लामी नमाज पढ़ने से पहले 19 बम एक साथ फटेंगे। ईमेल से इस तरह की धमकी मिलने के बाद राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन से जुड़े लोगों में चिंता छा गई और उन्होंने तुरंत जयपुर और जोधपुर पुलिस को ईमेल के बारे में जानकारी दी। जानकारी मिलने के तुरंत बाद जयपुर और जोधपुर दोनों ही जगह पर राजस्थान हाई कोर्ट बेंच परिसर को पूरी तरह से पुलिस ने खाली करवाया। मौके पर दोनों ही जगह पर डॉग्स स्क्वाड, बमनिरोधक दस्ते बुलवाए गए और दोनों ही जगह पर कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया । काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम देने के बाद जब पुलिस को दोनों ही जगह पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली तो पुलिस ने कहा कि यह ईमेल पूरी तरह से फर्जी था । पुलिस अब ईमेल करने वाले अपराधी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है लेकिन इस तरह की धमकी मंगलवार को पहली बार ही नहीं मिली है बल्कि पिछले कुछ महीनो से राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर, जोधपुर बेंच के अलावा जयपुर जिलाधीश कार्यालय, अजमेर जिलाधीश कार्यालय, अजमेर दरगाह, अजमेर न्यायालय इत्यादि कई जगहों पर बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से ज्यादातर दी गई लेकिन सभी सूचना गलत पाई गई। बड़ी बात यह है कि अभी तक ईमेल से इस तरह की सूचना देने वाले किसी भी अपराधी को चिन्हित तक नहीं किया गया है कहीं ना कहीं पुलिस इस मामले में



पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। इसी का परिणाम है कि अपराधी लगातार एक के बाद एक महत्वपूर्ण संस्थानों में बम होने की सूचना देकर पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ा सर दर्द बन गए हैं। इसके अलावा मंगलवार को भी सुबह-सुबह जयपुर और जोधपुर बेंच परिसर में न्याय संबंधी कार्य बाधित हुआ । अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की ओर से जिस तरह से बार-बार प्रदेश में महत्वपूर्ण संस्थाओं में बम होने की सूचना देकर लोगों में घबराहट और अशांति फैलाने का जो प्रयास किया जा रहा है यह वास्तव में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। पहले इस तरह की बम होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम या संबंधित जगहों पर फोन कॉल के माध्यम से दी जाती थी लेकिन आजकल पिछले कुछ महीनो से बम होने की फर्जी सूचनाओं संबंधित जगहों पर ईमेल के माध्यम से दी जा रही है। ईमेल के माध्यम से सूचना देने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित नहीं कर पा रही है कहीं ना कहीं इस मामले में पुलिस के पास आधुनिक तकनीक और आधुनिक उपकरण संयंत्र के बारे में पारंगत पुलिस अधिकारियों की इस समय बड़ी जरूरत है। जब तक इस तरह की ईमेल के माध्यम से अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करके पकड़ा नहीं जाएगा तब तक इस तरह की फर्जी सूचनाओं और जानकारियां इन अपराधियों की ओर से लगातार दी जाती रहेगी क्योंकि पिछले कुछ महीनो से जयपुर जोधपुर अजमेर और कई अन्य शहरों में बम होने की सूचनाओं ईमेल के माध्यम से दी गई जयपुर की कुछ प्रमुख स्कूलों में भी इस तरह की सूचनाओं दी गई लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में अब तक यह सभी सूचनाओं पूरी तरह से फर्जी निकली।

# सदन में दिया कुमारी ने बजट का विपक्ष को दिया करारा जवाब और कहा बजट के तथ्यों का अवलोकन किए बिना विपक्ष ने बजट की आलोचना की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में बजट का विपक्ष को सटीक और करारा जवाब दिया और कहा कि हमारी सरकार ने विकसित राजस्थान की अवधारणा के आधार पर बजट प्रस्तुत किया है । लेकिन विपक्ष ने बजट के तथ्यों का अवलोकन किए बिना ही बजट की आलोचना कर दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान को देश में विकास के मामले में किसने पीछे छोड़ा इसका इतिहास सब जानते हैं लेकिन हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जितने भी बजट सदन में प्रस्तुत किया हुए वे सब बजट विकसित राजस्थान की अवधारणा और प्रदेश के किसान युवा महिला और गरीब के समुचित कल्याण और विकास को आधार बनाकर तैयार किए गए बजट भाषण का



जवाब देते हुए कहा कि हमारी सरकार ने करीब 51000 करोड़ से अधिक पूंजीगत व्यय किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जीएसडीपी वृद्धि राष्ट्रीय जीएसडीपी से अधिक है और राजस्थान अहम योगदान दे रहा है। दिया कुमारी ने कहा कि 11 फरवरी 2026 के बजट प्रस्तुत के बाद जनप्रतिनिधियों के माध्यम से और भी सुझाव मिला इसके लिए पेयजल आपूर्ति के लिए 1 लाख करोड़ की लागत से काम कराया जाएगा। पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 210 करोड़ से ज्यादा काव्य किया जाएगा। ऊर्जा के लिए विद्युत तंत्र के लिए कई काम किए जाएंगे। औद्योगिक विकास के लिए कोटा बूंदी क्षेत्र को विकसित किया जाएगा युवा विकास के लिए नवीन संस्थान और विषय तथा भवन निर्माण का काम करवाया जाएगा। प्रदेश में खेल सुविधा के लिए स्टेडियम और विभिन्न कार्य कराए जाएंगे चिकित्सा सुविधा के विस्तार के लिए कई काम कराए जाएंगे जिसमें बेड व्यवस्था अधिक होगी। सरकारी और निजी स्कूल के लिए नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। बच्चों को चश्मा भी उपलब्ध करवाए जाएंगे । बालिका और महिलाओं की सुरक्षा और साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए योजना शुरू की जाएगी । एक लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा । तथा प्रदेश के 1000 पुलिस स्टेशन में महिला बैंक विकसित किए जाएंगे। बजट भाषण का जवाब देते हुए दिया कुमारी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर वृद्धि के लिए सरकार की घोषणा कांग्रेस के आखिरी बजट से दो गुना अधिक है। राज्य का कुल पूंजीगत व्यय एक लाख करोड़ से अधिक होगा राजसेतु फंड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किसान सम्मन निधि में 10000 करोड़ हस्तांतरित किया जा चुका है 35 लाख से अधिक किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देना प्रस्तावित है। कृषि उत्पादों को बेहतर लाभ के लिए राज एम्स योजना लाई गई है 700 करोड़ से 5 लाख पशुपालक लाभान्वित होंगे । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का शिक्षा का बजट और कृषि बजट अधिक है सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान जनवरी 2026 तक हो चुका है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजट को लेकर जनप्रतिनिधियों के सुझाव और सलाह का पूरा सम्मान करती है। लेकिन विपक्ष ने बिना बजट को पढ़े और बिना बजट के तथ्यों को देखें बजट की जो आलोचना की है वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे बजट को शेयर होल्डर ने भी बहुत अच्छा बताया है इस बजट में युवा महिला और किसान और गरीब के कल्याण और विकास को पूरा आधार बनाया है तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण के लिए भी बजट में सरकार ने अच्छा प्रावधान किया है। दिया कुमारी ने जिस तरह से 11 फरवरी को विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते समय शायराना अंदाज में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। उसी अंदाज में मंगलवार को भी बजट भाषण के रिप्लाई में उन्होंने शायराना अंदाज में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार को लेकर कहा कि 'जिनकी नीतियों से प्रदेश का इंजन बेजान हो गया था आज वही पूछ रहे हैं प्रदेश के विकास की रफ्तार क्यों नहीं बढ़ रही श्रीमान'। इस शायरी को सुनकर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर दिया कुमारी कि इस शायरी का समर्थन किया। दिया कुमारी ने राजा खेड़ा के कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित बोर के बारे में कहा कि वह अपने आप को वित्त विशेषज्ञ मानते हैं और बजट भाषण में उन्होंने यह कहा था कि देश की विकास दर ही 8 प्रतिशत है तो फिर राजस्थान की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा कैसे हो सकती है। जिस पर दिया कुमारी ने कहा कि बजट भाषण मेंराजस्थान की औसत विकास दर देश की औसत विकास दर से ज्यादा बताई गई है । इसलिए उन्हें अच्छी तरह से स्टडी करके सदन में बोलना चाहिए। दिया कुमारी ने कहा कि हमने बजट में वर्ष 2030, 2035, 2040, और 2047 के विजन और संकल्प का स्पष्ट समावेश किया है । और हम अपने विजन और संकल्प को हासिल करने के लिए प्रभावित तौर पर बजट की घोषणाओं पर काम भी करते हैं ।

CMYK

## 102वें वार्षिक गुरमुख सम्मेलन में पुरुषार्थी समिति की जल सेवा

### चार दिवसीय आयोजन में शरबत, बंटा, छाछ व आइसक्रीम का प्रसाद वितरण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पुरुषार्थी समिति, जिला अलवर की ओर से परम पूजनीय परमहंस संत श्री सुखदेव शाह जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित 102वें वार्षिक गुरमुख सम्मेलन के अवसर पर मनुमार्ग स्थित गुरुद्वारे में 14 से 17 फरवरी तक धर्मार्थ जल सेवा (प्याऊ) का संचालन किया गया। सम्मेलन के समापन दिवस पर भी श्रद्धालुओं के लिए सेवा निरंतर जारी रही। समिति के मीडिया समन्वयक विशाल गांधी ने बताया कि जिलाध्यक्ष कुलदीप कालरा के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने दिन-रात सेवाएं दीं। इस दौरान सादा पानी, मीठा शरबत, बंटा, छाछ, पानी की बोतल तथा आइसक्रीम का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया। सम्मेलन के चौथे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर परम पूजनीय छोटे महाराज जी ने स्वयं प्याऊ स्थल पर पहुंचकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के संयोजक एवं मुख्य सूत्रधार समिति के महासचिव राजेश मक्कड़ रहे। आयोजन में संरक्षक राकेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश सेतिया सहित समिति के अनेक पदाधिकारियों व समाजजनों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सद्भाव, सहयोग और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं।



## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 26 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त करने की कि कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में घरेलू गैस की अवैध गैस रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा अलवर शहर एवं कठूमर क्षेत्र में कार्रवाई कर के 26 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा दाउदपुर निवासी मिथलेश उर्फ बिहारी जिनकी अग्रसेन सर्किल के समीप पुल के नीचे दुकान संख्या 34 एवं 35 पर जांच करने पर घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में गैस रिफलिंग का अवैध कार्य किया जाना पाया गया। इस पर टीम द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए 26 गैस सिलेंडर मय 4 मोटर, 9 रेग्यूलेटर, 2 कांटा एवं 2 बांसूरीनुमा यंत्र जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स मॉर्डन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार मैसर्स अंजली भारत गैस एजेंसी थूनरोड तसई कठूमर में जांच के दौरान स्टॉक एवं वितरण से संबंधित विभिन्न अनियमितताएं पाई गई। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरा प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, विजयपाल यादव एवं शालू कंवर मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा अलवर ने मनाया मंत्री शर्मा का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा अलवर के बैनर तले हरियाणा ब्राह्मण समाज की ओर से सोमवार को राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा का 57वां जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात 08 बजे बुध विहार स्थित नंदी गोशाला में समाज बंधुओ द्वारा गोवंशों को हरा चारा खिलाया गया एवं इसके बाद सांय 6:30 बजे श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भगवान महादेव की महाआरती का आयोजन किया। महाआरती के पश्चात 121 किलो केसर युक्त दूध का भोग लगाकर आमजन में प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर मंत्री के पुत्र निकुंज शर्मा, अध्यक्ष मनोज शर्मा, मंत्री जय किशन शर्मा, उप मंत्री नरेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष रामअवतार शर्मा, उमाशंकर शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, राजेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा, गंगा सहाय शर्मा, गिर्राज प्रसाद गावड़ी, कैलाश शर्मा, महेश शर्मा, बलराम शर्मा, सुरेश शर्मा, राजू शर्मा, सुनील शर्मा, अंजू शर्मा संतोष शर्मा, विशाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आदि अनेक समाज बंधु सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, महेश निहालवाणी, रवि यादव, दिनेश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, उपस्थित रहे।

# भिवाड़ी में प्रशासन की सख्ती, जांच के दौरान दो अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी

### मंगलवार को संयुक्त दल ने 315 औद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स





**खैरथल-तिजारा।** कारौली-भिवाड़ी स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में हुई आगजनी की गंभीर घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए व्यापक जांच अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जांच टीम ने दो अवैध पटाखा निर्माण फैक्ट्री को सीज किया। यह मैसर्स कात्याल लॉजिस्टिक और लक्ष्मी एलॉयज के नाम पर संचालित की जा रही थी, जबकि अंदर बड़े पैमाने पर पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। सीज कि गई औद्योगिक प्लॉट का आईजी रेंज जयपुर एच.जी. राघवेंद्र सुहास ने निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को जब्ती प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली।

जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार गठित जांच दल जब रीको प्लॉट संख्या जी-1/682 एंव जी 1- 538ए पर पहुंचा तो दोनों फैक्ट्री बंद मिली और मालिक मौके से फरार था। टीम द्वारा कई बार संपर्क करने के बावजूद मालिक के नहीं पहुंचने पर प्रशासन, पुलिस एवं रीको अधिकारियों की मौजूदगी में फैक्ट्री का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से भारी मात्रा में पटाखे, कच्चा माल एवं निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों फैक्ट्री की जांच की गई। प्रथम दृष्टया फैक्ट्री में विस्फोटक सामग्री का अवैध निर्माण एवं भंडारण पाया गया है, जो सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन है। एहतियातन फैक्ट्री की बिजली आपूर्ति भी तत्काल प्रभाव से काट दी गई है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

पहली कार्रवाई में खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के भूखण्ड संख्या त1-682 पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं तहसीलदार टपूकड़ा की टीम ने निरीक्षण किया। यह भूखण्ड मैसर्स कात्याल लॉजिस्टिक के नाम आवंटित है, लेकिन मौके पर फैक्ट्री बंद मिली। प्रशासन द्वारा निर्देश देने के बाद जब गेट नहीं खोला गया, तो अधिकारियों ने अंदर प्रवेश कर निरीक्षण किया, जहां जिप्सम, सिलिका सैंड, नाइट्रिक एसिड, पत्थर, रेशा सहित पटाखा निर्माण से संबंधित मशीनें और रासायनिक पदार्थ पाए गए। पुलिस द्वारा मौके पर सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है तथा मामले में पत्रिका दर्ज करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। फैक्ट्री संचालक ने बताया कि इकाई को मैसर्स शिवशक्ति इंडस्ट्रीज को किराये पर दिया गया था। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जांच में उक्त भूखण्ड को बिना रीको की अनुमति किराये पर दिया गया था, जो रीको भू-निपटान नियम 1979 और लीज शर्तों का उल्लंघन है। इस पर रीको द्वारा 45 दिवस का कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए भूखण्ड निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

दूसरी कार्रवाई में रीको क्षेत्र स्थित एक भूखण्ड, जो वर्तमान में मैसर्स लक्ष्मी अलॉयज के नाम दर्ज है, पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री को बंद और ताला लगा हुआ पाया। प्रोपराइटर कृष्ण कुमार के अनुपस्थित होने पर प्रशासन की उपस्थिति में ताला तोड़कर निरीक्षण किया गया, जहां बड़ी मात्रा में पटाखे निर्माण से संबंधित सामग्री बरामद हुई। जांच में उक्त भूखण्ड को बिना रीको की अनुमति किराये पर दिया गया था, जो रीको भू-निपटान नियम 1979 और लीज शर्तों का उल्लंघन है। इस पर रीको द्वारा 90 दिवस का कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए भूखण्ड निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जांच के दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, उपखंड अधिकारी टपूकडा लाखन सिंह गुर्जर, तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह, तहसीलदार, नगर परिषद, फायर विभाग एवं रीको के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा पूरे परिसर की गहन जांच की गई तथा संबंधित फैक्ट्री संचालक के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भिवाड़ी, खुशखेड़ा, टपूकड़ा, चौपानकी एवं फेज-3 सहित सभी औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों की सघन जांच जारी रहेगी। जांच दल द्वारा मंगलवार को रीको यूनिट प्रथम ने 170 एवं रीको यूनिट द्वितीय ने 145 इकाइयों के निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों कि जांच सुनिश्चित की गई।

## खाद्य लाइसेंस शिविर में 125 कारोबारियों का पंजीयन

### मिलावट की आशंका पर 2150 किलो आटा सहित बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री जब्त

### खेड़ली व तसई-कठूमर में विशेष अभियान, कई नमूने जांच हेतु भेजे गए

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग जयपुर के आयुक्त डॉ. टी. शुभ मंगला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अलवर के निर्देशानुसार जिले में खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस उपलब्ध कराने की सुविधा हेतु तसई, कठूमर एवं खेड़ली में मंगलवार को खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चला, जिसमें 125 खाद्य कारोबारियों को मौके पर ही खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। शिविर में दूध विक्रेता, डेरी संचालक, दवा विक्रेता, मिठाई विक्रेता, किराना व्यापारी, चाट ठेला संचालक, फल-सब्जी विक्रेता तथा होटल-ढाबा संचालकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी को लाइसेंस दुकान पर प्रदर्शित करने और स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।

### मिलावट की आशंका पर कार्रवाई

खेड़ली कस्बे में हिंडौन फाटक के बाहर स्थित चंद्र एग्रो सीड्स कंपनी की आटा निर्माण इकाई से आटे का नमूना जांच हेतु लिया गया। इकाई पर 50 किलो की पैकिंग के 29 कट्टों तथा 10 किलो की पैकिंग के 70 कट्टों सहित कुल 2150 किलो आटा मिलावट की आशंका पर जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त पुरानी मंडी स्थित दामोदर लाल ओमप्रकाश प्रतिष्ठान से हल्दी व मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। जवाहर चौक, स्टेशन रोड स्थित सतनारायण धर्मचंद से भी हल्दी व मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। बायपास रोड स्थित सांवरिया एंटरप्राइजेज (ब्रेड टोस्ट निर्माण इकाई) से टोस्ट का नमूना लेकर लगभग 2590 पैकेट जब्त किए गए। बजाजा बाजार स्थित बाबूलाल जिनेंद्र कुमार से मसाले व घी के नमूने लिए गए तथा 35 लीटर घी जब्त किया गया। सतीश डेरी से भी घी का नमूना जांच हेतु लिया गया।

### स्वच्छता व नियमों की जानकारी

अधिकारियों ने खेड़ली के सभी खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई रखने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने एवं बिक्री करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें Food Safety and Standards Act (एफएसएसए 2006) के प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### 24 बसों के चालान, 5 लोक परिवहन बसें जब्त

## यातायात पुलिस का विशेष अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुलिस के निर्देशानुसार यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस अलवर द्वारा लोक परिवहन एवं निजी बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। सुधीर चौधरी, पुलिस अधीक्षक जिला अलवर ने बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा जितेन्द्र सिंह, सीओ यातायात के निर्देशन में यातायात शाखा प्रभारी उ.नि. संजय शर्मा व उनकी टीम द्वारा ज्योतिबा फुले सर्किल, एसएमडी सर्किल एवं बस स्टैंड के सामने कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाली लोक परिवहन एवं प्राइवेट बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 24 बसों के सीट बेल्ट नहीं लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर चालान किए गए। इसके अतिरिक्त 5 लोक परिवहन बसों को आवश्यक दस्तावेज नहीं होने तथा निर्धारित बस स्टॉप पर नहीं रुककर यातायात बाधित करने के कारण जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### यातायात पुलिस की अपील

सभी बस चालक निर्धारित बस स्टॉप पर ही सवारी चढ़ाएं एवं उतारें। प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करें। क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन रोककर यातायात बाधित न करें। यातायात पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों की पालना से ही सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सकता है।

## शहर क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण, संग्रहण एवं निर्माण की गतिविधियों पर प्रभारी नियंत्रण हेतु जांच दल गठित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा आमजन की सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा विस्फोटक अधिनियम 1884 व 2008 की प्रभारी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अलवर शहर क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण, संग्रहण एवं निर्माण की गतिविधियों पर प्रभारी नियंत्रण हेतु जांच दल गठित किया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार एमआईए थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज (मो.नं. 9557983191) एवं एमआईए थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह (मो.नं. 9829380349) को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा (मो.नं. 6375333856) एवं शिवाजी पार्क थानाधिकारी चन्द्रशेखर (मो.नं. 9828078446), वैशाली नगर थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भू-अभिलेख अशोक शर्मा (मो.नं. 9414277305) एवं वैशाली नगर थानाधिकारी गुरूदत्त सैनी (मो.नं. 9928130319), एनईबी थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार पटवार ट्रेनिंग सेंटर लोकेश (मो.नं. 9306339897) एवं एनईबी थानाधिकारी दिनेश चंद मीना (मो.नं. 9460143090), कोतवाली थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार उप पंजीयक प्रथम सुश्री मोनिका शर्मा (मो.नं. 8947828010) एवं कोतवाली थानाधिकारी रमेश सैनी (मो.नं. 9929509851), अखैपुरा थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भू-प्रबंध अधिकारी दिनेश शर्मा (मो.नं. 7627090316) एवं अखैपुरा थानाधिकारी महेश तिवाडी (मो.नं. 9414437790) तथा अरावली विहार थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भू-प्रबंधक अधिकारी विनोद जांगिड एवं अरावली विहार थानाधिकारी रामेश्वर लाल (मो.नं. 9460143090) को सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने गठित जांच दल को निर्देशित किया है कि आपसी समन्वय स्थापित कर अलवर शहर में पटाखों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय स्थलों की सघन जांच कर बिना वैध लाइसेंस पटाखों का संग्रहण/निर्माण पाए जाने व अग्नि सुरक्षा मानकों एवं विस्फोटक नियमों के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल प्रभाव से आवश्यक कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य उपखण्ड क्षेत्रों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थानाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## आईटीबीपी रामगढ़ में मियावाकी वृक्षारोपण के सहयोगियों का सम्मान

### 2000 पौधों के सघन रोपण में सहयोग देने वाली संस्थाओं को प्रशंसा पत्र



**अलवर(निसं.)।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) प्रशिक्षण केंद्र, रामगढ़ में मियावाकी वृक्षारोपण परियोजना में विशेष सहयोग देने वाली संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि आईटीबीपी परिसर में लगभग दो माह पूर्व मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत अलवर के विभिन्न रोटरी क्लबों द्वारा लगभग 2000 पौधे, जिनकी ऊंचाई 10-10 फीट थी, उपलब्ध कराए गए। इस पहल का उद्देश्य परिसर में हरित आवरण बढ़ाना एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देना है। इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए आईटीबीपी रामगढ़ के डीआईजी संजय कुमार कोठारी ने रोटरी क्लब ऑफ अरावली अलवर से महेंद्र गोयल, रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर अलवर से प्रवीण जैन, रोटरी क्लब ऑफ सरिस्का अलवर से रिंकेश जिंदल तथा माउंट लिट्रा जी स्कूल को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। डीआईजी कोठारी ने अरणिमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी क्षितिज माथुर, सतीश मोदी एवं नवीन कुमार का भी विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से पूरे वृक्षारोपण अभियान का प्रभावी समन्वय संभव हो सका। इस अवसर पर आईटीबीपी पुलिस सेंटर ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट के.एन. पंत एवं असिस्टेंट कमांडेंट कैलाश सैनी भी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए इस सफल प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

# जिला कलक्टर ने ली बजट घोषणाओं 2026-27 के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

### बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को देवें गति- जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं 2026-27 के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बजट 2026-27 में जिले के लिए हुई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए विभागीय अधिकारी भूमि की आवश्यकता वाली घोषणाओं के लिए सात दिवस में भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे आमजन की सुविधाओं के दृष्टिगत बजट घोषणाओं को यथाशीघ्र धरातल पर मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होंने उद्यान विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिये कि ब्याज एवं सब्जी के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु गाइडलाइन अनुसार आवश्यक भूमि के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित करावें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राजगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करावे। जिला कलक्टर ने सरस डेयरी के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि 200 करोड रुपए की लागत के 3 लाख लीटर प्रति दिन क्षमता के दूध प्लांट के लिए आवश्यक प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करावें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि अलवर शहर के अम्बेडकर नगर, कठूमर के खोह एवं रामगढ के नंगली मेघा में 33/11 केवी के जीएसएस के लिए भूमि के आवंटन के संबंध में आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कुशालगढ़ तिराहे से थैंक्यू बोर्ड वाया भर्तृहरि सडक तक व नौगांवा से नसवारी चौकी तक की सडक निर्माण हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है, उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.डी बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 फरवरी को राहुल गांधी से दिल्ली में मिलेंगे डोटासरा और जूली, कई मुद्दों को लेकर होगी बातचीत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली आगामी 20 फरवरी को दिल्ली जाएंगे जहां इन दोनों नेताओं की राहुल गांधी के साथ मीटिंग होने की बात कही जा रही है । 20 फरवरी को राहुल गांधी से दिल्ली में होने वाली गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली की इस मुलाकात को राजनीतिक हलकों में अहम माना जा रहा है इस मीटिंग में कई बड़े विषयों को लेकर राहुल गांधी राजस्थान के इन दोनों कांग्रेस के नेताओं से गंभीरता से बातचीत करेंगे जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अजमेर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है इस जनसभा में नरेंद्र मोदी करीब 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा 21000 युवाओं को सरकारी



नौकरी का नियुक्ति पत्र भी देंगे इससे पहले जिस तरह से राहुल गांधी ने डोटासरा और टीकाराम जूली को बातचीत के लिए दिल्ली बुलाया है उसको लेकर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भाजपा के इन दोनों बड़े नेताओं की राजस्थान की राजनीति पर कड़ी नजर है तो दूसरी तरफ राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार भी राजस्थान की राजनीति पर नियमित रूप से नजर रखे हुए हैं और राजस्थान कांग्रेस के नेताओं से कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार लगातार नियमित रूप से बातचीत कर रहा है वजह यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार यह जानता है कि राजस्थान में अन्य राज्यों की तुलना में कांग्रेस पार्टी की स्थिति काफी अच्छी है और पिछले 2 साल में राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की ओर से जितने भी कार्यक्रम धरने रैली और प्रदर्शन किए गए वह सब काफी सफल रहे इसके अलावा राजस्थान में कुछ महीने पहले अंता विधानसभा सीट पर हुए विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को जीत मिली इस जीत के बाद भी कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार राजस्थान कांग्रेस पार्टी के संगठन से काफी खुश और संतुष्ट नजर आ रहा है राजस्थान में डोटासरा के नेतृत्व को लेकर दिल्ली दरबार काफी प्रभावित है और राजस्थान विधानसभा में टीकाराम जूली के नेतृत्व में विपक्ष का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है इसलिए राहुल गांधी डोटासरा और टीकाराम जूली दोनों के परफॉर्मेंस से काफी खुश है राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार यह भी जानता है कि पिछले 6 विधानसभा चुनाव में हर 5 साल में राजस्थान में सरकार बदलती है इसलिए इस बार राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के पूरे चांस है लेकिन इसके लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूती से एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है इसीलिए राहुल गांधी लगातार राजस्थान कांग्रेस के नेताओं से बातचीत करके उन्हें अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स देते रहते हैं अब जिस तरह से 20 फरवरी को डोटासरा और टीकाराम जूली दोनों को उन्होंने बातचीत के लिए दिल्ली बुलाया है तो कहीं ना कहीं इस मीटिंग के पीछे भी राहुल गांधी की कोई बड़ी प्लानिंग है क्योंकि राजस्थान में विधानसभा का बजट सत्र जारी है ऐसे में माना जा रहा है कि राहुल गांधी कुछ विशेष योजना और रणनीति के तहत ही डोटासरा और जूली को बातचीत के लिए दिल्ली बुलाया है ।

## जयपुर में हिट एंड रन मामला, स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो जनों को कुचला, ट्रैक्टर चालक ने दो राहगीरों को कुचल डाला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में सोमवार की देर रात कांटा चौराहे के पास एक दर्दनाक हिट एंड रन सामने आया है जिसमें बेकाबू स्कॉर्पियो चालक ने स्कूटी सवार दो जनों को कुचल डाला मृत्यु के नाम नीमकाथाना निवासी मोहित और भरतपुर निवासी वीरेंद्र है पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है घटनास्थल से आवश्यक सबूत जुटाए जा रहे हैं इलाके में स्थित सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल करके स्कॉर्पियो गाड़ी के नंबर की पहचान कर ली है और स्कॉर्पियो गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक की तलाश भी की जा रही है पुलिस का कहना है कि बहुत जल्दी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जानकारी के अनुसार मृतक वीरेंद्र और मोहित दोनों पहुंच पांचा वाला सिरसी रोड पर रहते थे और दोनों खाना खाने के लिए घर से निकले थे लेकिन कांटा चौराहे के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पीछे से उनके जोरदार टक्कर मारी और टक्कर करने के बाद दोनों लोगों को स्कॉर्पियो थोड़ी दूर तक घसीटती भी रही जिससे दोनों की मौत हो गई एक अन्य सड़क दुर्घटना में जयपुर में खिरनी फाटक की इलाके में नशे में ट्रैक्टर चालक ने पैदल चल रहे युवक और महिला के टक्कर मार दी जिसकी वजह से दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों की मौत हो गई है पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को अरेस्ट कर लिया है ।

## सोशल मीडिया पर डरावने वीडियो जारी होने के बाद हिस्ट्रीशीटर मनीष सैनी गिरफ्तार, तीन दर्जन मुकदमे हैं दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई तरह के डरावने और हिंसक वीडियो जारी करने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर मनीष सैनी को अरेस्ट कर लिया है मनीष सैनी मालवीय नगर पुलिस स्टेशन की ओर से हिस्ट्री सीटर घोषित किया हुआ है और इसके खिलाफ तीन दर्जन से ज्यादा कई तरह के मामले दर्ज हैं जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मनीष सैनी का जवाहर सर्किल में तोड़फोड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुआ था वीडियो में मनीष सैनी की हिंसक गतिविधियों को जयपुर पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया इसके बाद इसे अरेस्ट किया गया अभी शहर के विधायक पुरी थाना इलाके में भी लड़कियों के साथ मारपीट करने का एक वीडियो मनीष सैनी का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इस तरह के कुछ और वीडियो भी मनीष सैनी के सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे थे इसलिए पुलिस ने मनीष सैनी को पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत पुलिस ने मनीष सैनी की लोकेशन का पता लगाकर उसे अरेस्ट किया है

## होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** इंडियन रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09001/09002, मुम्बई सेंट्रल-भिवानी-मुम्बई सेंट्रल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में मुम्बई सेंट्रल से दिनांक 3.3.26 से 27.3.26 तक (8 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 4.3.26 से 28.3.26 तक (8 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। इसी प्रकार गाडी संख्या 09005/09006, बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी- बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 4.3.26 से 25.3.26 तक (4 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 5.3.26 से 26.3.26 तक (4 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है।

## खाटू श्याम जी मेले हेतु हिसार-जयपुर-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा खाटू श्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-जयपुर-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा (4 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04721, हिसार-जयपुर अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा दिनांक 25.2.26 से 28.2.26 तक (4 ट्रिप) हिसार से 5.50 बजे रवाना होकर 13.00 बजे जयपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04722, जयपुर-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा दिनांक 25.2.26 से 28.2.26 तक (4 ट्रिप) जयपुर से 14.50 बजे रवाना होकर 22.25 बजे हिसार पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सिवानी, सादुलपुर, रामपुरा बेरी, लोहारू, सूरजगढ, चिड़ावा, रतनशहर, झुंझुनू, डूंडलोद मुकुंदगढ, नवलगढ, सीकर, पलसाना, रींगस, गोविन्दगढ मलिकपुर, चौमू सामोद व ढेहर का बालाजी स्टेशनों पर ठहराव करेगी इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 2 डिब्बे सहित कुल 12 डिब्बे होंगे।

## नगर निगम सतर्कता शाखा की कार्रवाई, 22 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल

4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं. 1, गांधी नगर मोड़ से अरण्य भवन, टोंक रोड़ कैलाश टावर, सिरसी रोड़ डी-मार्ट के सामने, कांटा चैराहा, खिरणी फाटक व सीके बिरला हॉस्पिटल के सामने से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 22 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं. 1, गांधी नगर मोड़ से अरण्य भवन, टोंक रोड़ कैलाश टावर, सिरसी रोड़ डी-मार्ट के सामने, कांटा चैराहा, खिरणी फाटक व सीके बिरला हॉस्पिटल के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 22 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## विधानसभा की ओर बढ़ रहे कांग्रेसियों पर पुलिस का हल्का बल प्रयोग, वाटर कैनन का इस्तेमाल कर कांग्रेसियों को खदेड़ा

### सहकार भवन पर कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से किया गया सभा का आयोजन गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, रफीक खान, अमीन कागजी कई नेताओं ने सभा को किया संबोधित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** कांग्रेस पार्टी के खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर पहले सहकार भवन पर एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया इस सभा में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक रफीक खान कांग्रेस पार्टी के विधायक अमीन कागजी, राजस्थान कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान और कई अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया सभा में बड़ी संख्या में नौजवान कांग्रेसियों ने अपनी उपस्थिति दिखाई इसके बाद पूर्व के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभा में शामिल लोग राजस्थान विधानसभा का घेराव करने के लिए विधानसभा की ओर तेजी से नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे तभी 22 गोदाम पुलिया पर पुलिस ने पहले से ही प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेट्स स्थापित कर दिए थे और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया प्रदर्शनकारियों ने आगे बढ़ाने के प्रयास में वहां बैरिकेट्स को हटाने का प्रयास किया इस दौरान पुलिस ने उन्हें समझने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और जोर-जोर से नारेबाजी करके आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच आपस में जोर आजमाइश भी हुई लेकिन तमाम तरह के प्रयास करने के बावजूद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने इसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल करके प्रदर्शनकारियों को इधर-उधर खदेड़ना का प्रयास किया जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली लेकिन इसके बावजूद भी कई प्रदर्शनकारी मौके पर डटे रहे और पानी की बौछार का सामना करते रहे इस बीच पुलिस ने उन पर हल्का बल प्रयोग करके उन्हें मौके से हटाने का प्रयास किया कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के राजस्थान इकाई के अध्यक्ष अमीन पठान ने मौके पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश की सरकार ने खेलकूद कोटा के तहत सरकारी नौकरियां समाप्त कर दी है प्रदेश के सभी खेलों के ग्राउंडों की हालत खराब है तथा प्रदेश के सभी खेलों के खिलाड़ियों को समुचित और पर्याप्त सुविधाएं तथा संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं जिसकी वजह से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ के धंधा करने वाले लोगों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है इन गतिविधियों को रोकने में राजस्थान पुलिस पूरी तरह से असफल साबित हुई है जिसकी वजह से प्रदेश के स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है इसलिए इन सब विषयों को लेकर हमने प्रदेश की भजनलाल सरकार के प्रति अपनी नाराजगी और आक्रोश प्रकट किया लेकिन सरकार पुलिस के दम पर उनके आंदोलन को और प्रदर्शन को कमजोर करने का प्रयास कर रही है अमीन पठान ने कहा कि हम सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे ।

## *आप बीजेपी का बैंड बजाओ, बालमुकुंद आचार्य और गोपाल शर्मा का मैं इलाज कर दूंगाः डोटासरा*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को राजधानी जयपुर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाल मुकद्दर आचार्य और गोपाल शर्मा पर जोरदार हमला बोला उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप बीजेपी का बैंड बजाओ और मैं बालमुकुंद आचार्य और गोपाल शर्मा का इलाज कर दूंगा डोटासरा मंगलवार को राजधानी जयपुर में सहकार भवन के पास कांग्रेस पार्टी के खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित प्रदर्शन सभा को संबोधित कर रहे थे मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में राजधानी जयपुर में पिछले दिनों गाय का सर बाड़े में लटकाने के मामले में कांग्रेस के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक गोपाल शर्मा पर आरोप लगाया कि इन्होंने इस मामले में जिस व्यक्ति को पकड़ा था उसको गोपाल शर्मा थाने से छुड़ाकर ले आए इसी बात को लेकर राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपस में जोरदार टकराव के हालात पैदा हो गए थे गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाया कि गोपाल शर्मा राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई को पूरी तरह से डिस्टर्ब करते हैं हमारे प्रतिपक्ष के नेता अगर कोई सवाल पूछते हैं तो वे मुक्का तान कर विपक्ष के सदस्यों पर आक्रमण करने के लिए दौड़ते हैं ऐसे माहौल में राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई शांतिपूर्वक तरीके से कैसे संपादित हो सकती हैराजस्थान विधानसभा में मंगलवार की सुबह गाय के कटे हुए कर के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर



आरोप लगाया था कि भाजपा सिर्फ वोट के खातिर गौ माता की बात करती है जबकि जयपुर में ही गौ माता के हत्यारे को भाजपा के विधायक पुलिस से छुड़ाकर ले गए इसी बात को मंगलवार को गोविंद सिंह डोटासरा ने सहकार भवन में कांग्रेस पार्टी के खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित जनसभा में कहीं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के चाल चरित्र और चेहरे को जनता के बीच बेनकाब करना है इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा कि लोगों के बीच जाकर पोल खोल कर रख दे और बालमुकुंद आचार्य और गोपाल शर्मा का इलाज तो वे खुद ही कर देंगे डोटासरा ने बाकायदा सभा में अपना गमछा लहराया और कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भरा अपने जोशीले और चुटकुले अंदाज में दिए गए भाषण से उन्होंने सभा में मौजूद कांग्रेसियों को खूब प्रभावित किया । इस सभा को प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, रफीक खान और अमीन कागजी और राजस्थान खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने भी संबोधित किया।

## चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक मीणा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, सरकारी क्वार्टर में लगाया फंदा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** अजमेर के केकड़ी में सरकारी अस्पताल में पोस्टेड चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक मीणा ने सरकारी क्वार्टर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में खलबली मच गई फांसी लगाने से पहले मृतक डॉक्टर अशोक मीणा ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर साफ लिखा कि आज मरीज नहीं देखे जाएंगे कृपया डिस्टर्ब नहीं करें ।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक डॉक्टर की बॉडी को कब्जे में किया है तथा घटना स्थल से आवश्यक सबूत भी जुटाए गए हैं हालांकि मौके पर पुलिस को किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह जब मृतक अशोक मीणा अस्पताल में ड्यूटी पर नहीं आए तो अस्पताल प्रशासन की ओर से उन्हें फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के बाद अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोग जब सरकारी क्वार्टर पर गए तो उनके क्वार्टर का दरवाजा अंदर से बंद था उन्हें बाहर से आवाज़ लगाई गई लेकिन कोई जवाब नहीं आया तो फिर क्वार्टर के कमरे की खिड़की से झांक कर देखा गया तो अशोक मीणा की बॉडी छत की बंदी से लटकी हुई दिखाई दी यह दृश्य देखकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोग घबरा गए और जब यह खबर अस्पताल में पहुंची तो अस्पताल में तैनात अन्य डॉक्टर नर्सिंग कर्मियों और स्टाफ में खलबली मच गई जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रशासन से जुड़े सभी लोग यह कह रहे हैं कि अशोक मीणा की अस्पताल प्रशासन से जुड़े सभी लोग यह कह रहे हैं कि डॉ अशोक मीणा की बॉडी लैंग्वेज और उनके हाव-भाव ऐसे ऐसा बिल्कुल भी आवास नहीं होता ऐसे ऐसा बिल्कुल भी नहीं दिखता था कि उन्हें किसी भी तरह का कोई टेंशन है इसलिए उनके आत्महत्या किए जाने की घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोग डॉक्टर और स्टाफ भी काफी चकित है पुलिस अब मृतक डॉक्टर के परिजन रिश्तेदार और अन्य लोगों से भी पूछताछ कर सकती है ।

## पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित पीएचइडी के रिटायर्ड और वर्तमान अधिकारियों के करीब 15 ठिकानों पर एसीबी के छापे, जल मंत्रालय में मचा हड़कंप

### 10 पूर्व और वर्तमान अधिकारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ, दिल्ली, झारखंड और कई जगहों पर एसीबी का सर्च अभियान जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कई टीमों की ओर से मंगलवार को राजस्थान में कई शहरों के अलावा दिल्ली झारखंड में भी जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के कई पूर्व अधिकारियों और वर्तमान अधिकारियों कई पूर्व इंजीनियर और वर्तमान इंजीनियरों के 15 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है रिटायर्ड आईएएस सुबोधअग्रवाल के विभिन्न ठिकानों पर भी एसीबी का सर्च अभियान जारी है भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से इस छापामार कार्रवाई से जुड़े 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे खबर लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी जिनमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कई पूर्व और वर्तमान अधिकारी और कई पूर्व और वर्तमान इंजीनियर शामिल हैं मंगलवार को व्यापक स्तर पर एसीबी की इस छापामार कार्रवाई के बाद राजधानी जयपुर में जल भवन में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई शासन सचिवालय में मंगलवार को दिनभर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों में एसीबी की इस छापामार कार्रवाई के बारे में आपस में चर्चा होती रही इस छापामार कार्रवाई को लेकर कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने भी खुशीजताई है और कहा है कि प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े सभी लोगों को गिरफ्तार करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है चाहे कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो जिसने भी घोटाला किया है वह अब जेल की सलाखों के पीछे जरूर जाएगा उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने पिछली गहलोत सरकार में जब जयपुर में धरना दिया था तो पिछली सरकार ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही जेल में डाल दिया था लेकिन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद भजनलाल सरकार जल जीवन मिशन घोटाले की सार्थक जांच करवा रही है और जो भी जांच में दोषी पाया जा रहा है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई जानकारी के अनुसार राजस्थान के बहुचर्चित जल जीवन मिशन मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ा एक्शन लिया और जयपुर, बाड़मेर, दिल्ली, सीकर, बिहार, झारखंड ,जालौर , करौली सहित 15 जगह पर एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया यह छापामार कार्रवाई पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के संभावित ठिकानों पर भी की गई है यह पूरी कार्रवाई जल जीवन मिशन घोटाले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो की स्पेशल टीम के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राठोर के नेतृत्व में की गई है इस छापामार कार्रवाई के दौरान ही दिनेश गोयल, शुभांशु दीक्षित, अरुण श्रीवास्तव, निरल कुमार, केडी गुप्ता, सुशील शर्मा, महेंद्र सोनी, सिद्धार्थ, विशाल सक्सेना को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है कहा जा रहा है कि करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर देशभर में सुर्खियों में आए जल जीवन मिशन घोटाले की जांच प्रभावी तौर पर तेजी से संपादित की जा रही है इसलिए जल जीवन मिशन घोटाले से जिन-जिन इंजीनियर और अधिकारियों के तार जुड़े हुए थे जिन-जिन लोगों और अधिकारियों के तार तत्कालीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुबोध अग्रवाल से किसी न किसी रूप से जुड़े हुए थे उन सबको एसीबी ने अब अपने रडार पर ले लिया है मंगलवार को ऐसे 10 पूर्व अधिकारियों,पूर्व इंजीनियरों, वर्तमान अधिकारियों और वर्तमान इंजीनियरों को हिरासत में लिया गया ।

## उत्तर पश्चिम रेलवे की होली पर्व सौगात, 4 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन का लिया निर्णय

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** आगामी होली त्यौहार को देखते हुए यात्रियों को किसी भी तरह की सफर में असुविधा का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए विशेष रेल सुविधा सुनिश्चित की है उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसारः- गाडी संख्या 04829, जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 5, 12, 19 व 26 मार्च 2026 को (4 ट्रिप) जोधुपर से प्रत्येक गुरूवार को 16.15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 20.50 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04830, गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 6, 13, 20 व 27 मार्च 2026 को (4 ट्रिप) गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को 23.25 बजे रवाना होकर रविवार को 3.00 बजे जोधपुर पहॅुचेगी। यह रलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटु, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, महेन्द्रगढ, रेवाडी, गुडगॉव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्याधाम, मनकापुर, बस्ती व खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 4 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होगे इसी तरह गाडी संख्या 04731, श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 1.3.26 से 29.3.26 तक (5 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक रविवार को 13.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 23.30 बजे समस्तीपुर पहॅुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04732, समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 3.3.26 से 31.3.26 तक (05 ट्रिप) समस्तीपुर से प्रत्येक मंगलवार को 1.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहॅुचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली,

सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर व मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे। अमित सुदर्शन ने बताया कि गाडी संख्या 04729, श्रीगंगानगर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.2.26 से 26.3.26 तक (5 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरूवार को 13.25 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 16.30 बजे गोरखपुर पहॅुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04730, गोरखपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 27.2.26 से 27.3.26 तक (5 ट्रिप) गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को 19.30 बजे रवाना होकर रविवार को 2.45 बजे श्रीगंगानगर पहॅुचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, बढ़नी व सिद्धार्थनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे। इसी प्रकार गाडी संख्या 09609, उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 3.3.26 से 31.3.26 तक (5 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रत्येक मंगलवार को 13.45 बजे रवाना होकर बुधवार को 10.15 बजे योगनगरी ऋषिकेश पहॅुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09610, योगनगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 4.3.26 से 1.4.26 तक (5 ट्रिप) योगनगरी ऋषिकेश से प्रत्येक बुधवार को 17.55 बजे रवाना होकर गुरूवार को 15.30 बजे उदयपुर सिटी पहॅुचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, फतेहनगर, चित्तौडगढ, भीलवाडा, मांडल, विजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, अलवर, रेवाडी, गुडगॉव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, शामली, रामपुर मनिहारान, टपरी जं., रूडकी व हरिद्वार स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी, 5 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बे होगे।



## कहानी

### सच्चा लकडहारा

एक गांव में मंगल नाम का बहुत सीधा और सच्चा व्यक्ति रहता था । वह बहुत गरीब था । दिनभर जंगल में सूखी लकडी काटता और बाद में उनका गठ्ठर बांधकर बाजार में बेचने के लिए ले जाता था । लकडियों को बेचनेपर जो पैसे मिलते थे, उनसे वह भोजन बनाने का सामान जैसे आटा, नमक आदि खरीदकर घर लौट आता था । पूरा दिन परिश्रम करने के बाद उसकी जो भी कमाई होती थी, उसमें वह संतुष्ट रहता था । एक दिन मंगल लकडी काटने के लिए जंगल में गया । जंगल से बहती नदी के किनारे एक पेड की सूखी डाल काटने वह पेडपर चढ गया । डाल काटते समय उसकी कुल्हाडी लकडी में से ढीली होकर निकल गई और नदी में गिर गई । कुल्हाडी निकालने के लिए मंगल पेड से नीचे उतर आया । उसने नदीके पानीमें कई बार डुबकी लगाई; किंतु उसे अपनी कुल्हाडी नहीं मिली । मंगल अत्यंत दुःखी हो गया । वह दोनों हाथोंसे अपना सिर पकडकर नदी के किनारे बैठ गया । उसकी आंखों से आंसू बहने लगे । उसके पास दूसरी कुल्हाडी खरीदने के लिए पैसे भी नहीं थे । कुल्हाडी के बिना वह अपना और अपने परिवार का पालन कैसे करेगा, यह बडी भारी चिन्ता उसे सता रही थी । मंगल को इस प्रकार रोता हुआ देखकर वनके देवता को उसपर दया आ गई । वे बालक का रूप धारण कर मंगल के सामने प्रकट हो गए और बोले, "आप क्यों रो रहे है ?' मंगलने उन्हें प्रणाम किया और कहा, "मेरी कुल्हाडी पानी में गिर गई । अब मैं लकडी कैसे काटुंगा और अपने बाल-बच्चों का पेट कैसे भरूंगा ?" बालकरूपि देवता ने मंगल से कहा "रोओ मत ! मैं तुम्हारी कुल्हाडी पानी से निकाल देता हूं ।" देवता ने पानीमें डुबकी लगाई और एक सोने की कुल्हाडी लेकर बाहर आए । उन्होंने कहा, "यह लीजिए आपकी कुल्हाडी !" मंगल ने सिर उठाकर देखा और कहा, "यह तो सोने की कुल्हाडी है । मैं गरीब आदमी हूं । मेरे पास कुल्हाडी बनाने के लिए सोना कहां से आएगा । यह मेरी कुल्हाडी नहीं है ।" देवताने दूसरी बार पानी में डुबकी लगाई और चांदी की कुल्हाडी निकालकर वे मंगल को देने लगे । मंगलने कहा, "महाराज ! मेरे भाग्य ही खोटे हैं । आपने मेरे लिये बहुत कष्ट उठाया, परन्तु यह चांदी की कुल्हाडी मेरी नहीं है । मेरी कुल्हाडी तो साधारणसे लोहे की है ।" देवताने तीसरी बार डुबकी लगाई और मंगल की लोहे की कुल्हाडी निकाल दी । मंगल आनंदी हो गया । उसने उस बालकरूपि देवता को अनेक धन्यवाद देकर अपनी कुल्हाडी ले ली । देवता मंगल की सच्चाई और प्रामाणिकता से बहुत प्रसन्न हुए । वे बोले, "मैं तुम्हारी सच्चाईसे अत्यंत प्रसन्न हूं । तुम ये सोने और चांदी की कुल्हाडियां भी ले जाओ ।" सोने और चांदी की कुल्हाडी पाकर मंगल धनवान हो गया था । अब उसे लकडी काटने के लिए जाने की आवश्यकता नहीं थी ।

एक दिन मंगल के पडोसी घुरहू ने मंगलसे पूछा की, 'तुम अब लकडी काटने क्यों नहीं जाते ? अपने परीवार का भरण-पोषण कैसे करते हो ?' सीधे स्वभाव के मंगलने घुरहू को कुल्हाडी पानी में गिरनेवाली सारी बातें सच-सच बता दीं । मंगल की बात सुनकर घुरहू के मन में लालच उत्पन्न हो गया और वह सोने-चांदी की कुल्हाडी पाने की लालच में दूसरे दिन अपनी कुल्हाडी लेकर उसी जंगल में पहुंचा । उसने उसी पेडपर लकडी काटना प्रारम्भ किया । थोडे समय के बाद उसने जान बूझकर अपनी कुल्हाड़ी नदीमें गिरा दी और वह पेडसे नीचे उतरकर रोने लगा । वनके देवता बालक के रूप में घुरहू के सामने प्रकट हुए । घुरहू से रोने का कारण पूछकर उन्होंने नदीमें डुबकी लगाई और सोने की कुल्हाडी निकाली ।

## सम्पादकीय

### महंगाई बनती जा रही है आम जनता की सबसे बड़ी चुनौती




भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। माना जा रहा है कि मजबूत घरेलू खपत, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि से यह मुकाम हासिल हुआ है। अब यह दावा किया जा रहा है कि निकट भविष्य में देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लेगा। मगर, आर्थिक विकास के आंकड़ों से जुड़े आकलन के इस पैमाने में क्या महंगाई को कम या स्थिर करने का पहलू भी शामिल किया गया है? यह सवाल इसलिए अहम है कि एक तरफ विकास की चमकती तस्वीर पेश की जा रही है, तो दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति कुछ और ही बयां करती है। सरकार की ओर से पिछले सप्ताह और सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष की शुरुआत ही महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। देश में थोक महंगाई जनवरी में बढ़कर 1.81 फीसद पर पहुंच गई, जबकि गत वर्ष दिसंबर में यह 0.83 फीसद पर थी। इसी तरह खुदरा महंगाई पिछले माह बढ़कर 2.75 फीसद हो गई, जिससे खाद्य सामग्री समेत कई जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्य वर्ग पर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय का एक बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक वस्तुओं पर खर्च होता है। इस कारण उनके जीवनयापन की लागत बढ़ जाती है, उनकी क्रय शक्ति कम हो जाती है और उन्हें अपने दूसरे खर्चों में कटौती के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक महंगाई में बढ़ोतरी खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर वृद्धि के कारण हुई है। सबसे ज्यादा चिंताजनक है खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ना, क्योंकि इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ता है। पिछले माह खाद्य वस्तुओं की थोक महंगाई दर 1.55 फीसद रही, जबकि गत वर्ष दिसंबर में इसमें 0.43 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी। इनमें भी सब्जियों की महंगाई दर सबसे ज्यादा 6.78 फीसद पर पहुंच गई है। यानी अब आम आदमी की थाली में सब्जियों की मात्रा कम हो गई है।

# विकसित भारत- जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ होंगी सुविधाएं



(मनीष कुमार, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, चूरू)

*'विकसित भारत के संकल्प की दिशा में विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबीजी रामजी (विकसित भारत- जी रामजी) विधेयक, 2025' से सुदंर व विकसित होंगे गांव, सुदृढ़ होंगी अवसरंचनाएं, विकसित भारत की नींव होगी मजबूत, श्रमिकों को 125 दिवस रोजगार व स्थाई आजीविका की गारंटी, नियत समय पर रोजगार नहीं मिलने पर मिलेगा मुआवजा'*

चूरू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में केन्द्र सरकार के विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी- जी रामजी (विकसित भारत- जी रामजी) विधेयक, 2025' से ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और गांव विकसित व सुंदर होंगे। योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसंपत्तियों का सृजन होगा और जल सुरक्षा एवं जल से संबंधित कार्यों और मुख्य ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' स्थाई आजीविका की गारंटी है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी।

**'क्या है वीबीजी राम जी योजना'**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने 16 दिसंबर, 2025 लोकसभा में विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। महामहिम राष्ट्रपति ने 21 दिसंबर, 2025 को 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी जी रामजी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को स्वीकृति प्रदान की है, जो ग्रामीण रोजगार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

**'नए वैधानिक ढांचे का औचित्य'**

ग्रामीण रोजगार भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना की आधारशिला रही है। पूर्व में ग्रामीण विकास के लिए महानरेगा को वर्ष 2005 में कार्यान्वित किया गया था, किंतु ग्रामीण भारत अब रूपांतरित हो रहा है। वर्ष 2011-12 में निर्धनता का स्तर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत हो गया है, जिससे बढ़ते उपभोग, बेहतर वित्तीय सुविधा एवं बढ़े हुए कल्याणकारी कवरेज से सहायता मिली है। हालांकि समय के साथ, ग्रामीण भारत की संरचना और लक्ष्य अत्यधिक बदल गए हैं। बढ़ती आय, बढ़ी हुई कनेक्टिविटी, व्यापक स्तर पर डिजिटल पहुंच और अलग-अलग तरह की आजीविका ने ग्रामीण रोजगार की आवश्यकताओं की प्रकृति बदल दी है। इसलिए ग्रामीण आजीविका की विविधीकृत होने, डिजीटल माध्यमों के विकास और ग्रामीण विकास को अधिक मजबूत करने की दिशा में वीबी जी रामजी का नया वैधानिक ढांचा अधिक औचित्यपूर्ण है।

**'रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि'**

ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार गारंटी के दिनों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से अब 100 के बजाय 125 दिन







का कार्य अवसर मिलेगा। यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार में अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्य को कम-से-कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है। पूर्व में महानरेगा में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है। इसी के साथ कृषि गतिविधियों जैसे बुवाई, कटाई के व्यस्त सीजन में खेती में काम करने वाले श्रमिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कुल 60 दिन का नो- वर्क पीरियड का प्रावधान किया गया है। वर्ष के शेष 305 दिनों में भी मजदूरों को 125 दिन की गारंटी का रोजगार प्राप्त होगा, जिससे किसान व मजदूर दोनों लाभान्वित होंगे।

**'समय पर मजदूरी भुगतान'**

यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य करने की तिथि के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है। निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब के लिए मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है। डिजिटल वेतन भुगतान से भुगतान में देरी और मजदूरी में कटौती जैसी समस्याओं पर रोक लगेगी।

**'टिकाऊ एवं उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार'**

यह अधिनियम रोजगार उत्पादक, टिकाऊ और जलवायु अनुकूल परिसंपत्तियों के निर्माण पर फोकस करता है। इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसंपत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है। इन कार्यों में जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका से संबंधित बुनियादी ढांचा तथा मौसम में बदलाव के असर को कम करने के लिए विशेष कार्य सम्मिलित किए गए हैं।

**'वित्तीय संरचना'**

यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत व्यय-साझेदारी केंद्र और राज्यों के बीच 60: 40 तथा पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषित रहेगी।


विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया व मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# पीएचडी की यात्रा की चुनौतियों का सामना कैसे करें?

*पिछले लगभग तीन दशकों में लेखक ने विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शोधकर्ताओं और शोध छात्रों से बातचीत की है और कई बार यह समस्या सामने आई है कि शोध एक लंबी यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसके साथ ही भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना भी रहती है, जो एक शोधकर्ता के सामने आने वाली अन्य दैनिक पेशेवर चुनौतियों के अतिरिक्त होती है। एक पीएचडी शोधार्थी इन चुनौतियों का इस तरह ध्यान कैसे रखे कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सके और शोध यात्रा का आनंद भी ले सके? इसके लिए पाँच सुझाव प्रस्तुत हैं। पहला, अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, अच्छे संबंधों तथा उत्पादक और नवाचारी बने रहने पर ध्यान देना आवश्यक है।*

अनुसंधान, विशेष रूप से पीएचडी का शोध, एक बहुत ही गहन और अकेली यात्रा होती है। इसमें किसी एक विषय पर 3 से 5 या उससे भी अधिक वर्षों तक काम करना पड़ता है। शोध एक रोलर-कोस्टर की तरह होता है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब लगता है कि शोध सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और कुछ दिन ऐसे भी आते हैं जब किसी विपरीत शोध को देखकर ऐसा महसूस होता है कि काम कहीं अटक गया है या शायद सही दिशा में नहीं जा रहा है।

पिछले लगभग तीन दशकों में लेखक ने विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शोधकर्ताओं और शोध छात्रों से बातचीत की है और कई बार यह समस्या सामने आई है कि शोध एक लंबी यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसके साथ ही भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना भी रहती है, जो एक शोधकर्ता के सामने आने वाली अन्य दैनिक पेशेवर चुनौतियों के अतिरिक्त होती है। एक पीएचडी शोधार्थी इन चुनौतियों का इस तरह ध्यान कैसे रखे कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सके और शोध यात्रा का आनंद भी ले सके? इसके लिए पाँच सुझाव प्रस्तुत हैं। पहला, अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, अच्छे संबंधों तथा उत्पादक और नवाचारी बने रहने पर ध्यान देना आवश्यक है। पिछले 50 वर्षों के शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि खुशी स्वास्थ्य, संबंधों, उत्पादकता और नवाचार में सहायक होती है। खुशी के साथ शोधकर्ता का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, संबंध मजबूत होते हैं और काम की गुणवत्ता भी बढ़ती है। इसलिए, एक शोधकर्ता के लिए,



डॉ राजेश के पिलानिया, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम


व्यावहारिक दृष्टिकोण से, खुशी को गंभीरता से लेना और उसे दैनिक जीवन में शामिल करना आवश्यक है।

दूसरा, असुरक्षाओं का समाधान है—नियमित रूप से और एकाग्र मन से काम करना। असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए व्यक्ति को उन्हीं बातों पर ध्यान देना चाहिए जो उसके नियंत्रण में हैं। ऐसा करने से पीएचडी शोधार्थी को उच्च गुणवत्ता वाले दैनिक शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और नौकरी या भविष्य से जुड़ी चिंताओं में नहीं उलझना चाहिए। केंद्रित, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण कार्य भविष्य की असुरक्षाओं के विरुद्ध सबसे अच्छा संरक्षण है।

तीसरा, हास्यबोध बनाए रखना चाहिए और चीज़ों को व्यक्तिगत या अत्यधिक गंभीर रूप से नहीं लेना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से काम करना जरूरी है, लेकिन साथ ही स्वयं पर हँसना और बातों को हल्के में लेना भी सीखना चाहिए। हास्यबोध विकसित करके, स्वयं पर हँसकर और चीज़ों को बहुत गंभीरता से न लेकर, व्यक्ति कठिन समय में भी लचीलापन बनाए रख सकता है और आगे बढ़ता रह सकता है। चौथा, परिणाम की अत्यधिक चिंता करने के बजाय शोध की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दिशा के लिए लक्ष्य होना आवश्यक है, लेकिन मुख्य ध्यान रोज़मर्रा की प्रक्रिया पर होना चाहिए। सिद्धांत और शोध दोनों यह दर्शाते हैं कि परिणाम के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने से अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। पाँचवाँ और अंतिम, हर दिन सीखते रहना और स्वयं में सुधार करते रहना चाहिए। निरंतर सीखने और निरंतर सुधार के माध्यम से उच्च गुणवत्ता का कार्य किया जा सकता है। अच्छा कार्य और अच्छा परिणाम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होता है। ये पाँच कदम पीएचडी शोध यात्रा का सामना करने का एक अच्छा तरीका हैं। खुश रहकर, शोध प्रक्रिया का आनंद लेकर और लगातार सीखते व सुधार करते हुए, व्यक्ति वर्तमान का आनंद ले सकता है और भविष्य से जुड़ी असुरक्षाओं को भी कम कर सकता है।

# एआई जगत को दिशा देने की कोशिश

*भारत की आकांक्षा केवल वैश्विक एआई मानकों के अनुपालक बनने तक सीमित नहीं है, वह उनमें सक्रिय सहभागी भी बनना चाहता है। करीब 30 लाख से अधिक एआई पेशेवरों और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के दम पर नई दिल्ली का मानना है कि उसके पास इस विमर्श को दिशा देने के लिए आवश्यक जनसांख्यिकीय एवं उद्यमशील शक्ति मौजूद है। इस संदर्भ में जब सैम आल्टमैन जैसे एआई क्रांति के अग्रदूत यह कहें कि भारत में फुल स्टैक एआई लीडर बनने की भरपूर संभावनाएं हैं तो यह उसी धारणा को मजबूत करता है कि यह देश उभरती अर्थव्यवस्थाओं के एक व्यापक गठबंधन को नेतृत्व दे सकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र जैसे संस्थानों का इस सम्मेलन से जुड़ाव इसकी बहुपक्षीय दिशा को भी दर्शाता है। समग्रता में देखा जाए तो भारत एआई परिदृश्य पर स्वयं को पश्चिम के नवाचार केंद्रों और वैश्विक दक्षिण की परिचालन संबंधी आवश्यकताओं, अमेरिकी नेतृत्व वाले उद्यमशील इकोसिस्टम और सरकारी नियंत्रण वाले चीन के व्यापकता से परिपूर्ण तंत्र के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करने में लगा है।*




ई दिल्ली में आरंभ एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन कूटनीतिक मोर्चे पर ही एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीतिक पुनर्संरचना का प्रतीक भी है। यह शिखर सम्मेलन भारत की इस भावना को दर्शाता है कि वह इस उभरती हुई तकनीक से जुड़े विमर्श को प्रभावित कर उसे समावेशी एवं लोकतांत्रिक बनाना चाहता है। इस आयोजन के माध्यम से भारत एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़ी चर्चा को सुरक्षा एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की अमूर्त चिंताओं से इतर उसके प्रभाव की ओर मोड़ना चाहता है। जैसे कि कौन इससे लाभान्वित हो रहा है और कौन नहीं और कौन इस खेल के नियम निर्धारित कर रहा है?

इससे पहले एआई संबंधी आयोजन विकसित देशों में हुए और पहली बार वैश्विक दक्षिण में ऐसा शिखर सम्मेलन हो रहा है। प्रतीकात्मक रूप से भी यह बड़ा परिवर्तन है। पूर्व के आयोजनों में चर्चा का केंद्र मुख्य रूप से एआई माडल के विकास और जोखिमों पर केंद्रित रहा। इस दृष्टि से भारत की मेजबानी में यह आयोजन अलग कहानी कहने जा रहा है। भारत एआई परिचालन को एक तकनीकी मुद्दे से परे विकास संबंधी पहलू के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास में लगा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मानवता के लिए एआई' वाले उस मंत्र को ही दर्शाता है कि किसी तकनीक का उद्देश्य निजी पूंजी को बढ़ाने के बजाय व्यापक सार्वजनिक हितों की पूर्ति का होना चाहिए। भारत का एजेंडा तीन मानक स्तंभों पर आधारित है। ये तीन स्तंभ हैं पीपल यानी लोग, प्लैनेट यानी पृथ्वी और प्रोग्रेस यानी प्रगति। इन तीन स्तंभों को व्यावहारिक दृष्टि से सात विषयगत 'चक्रों' में विभक्त किया गया है। ये सात चक्र हैं-कंप्यूटिंग और डाटा तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण, सामाजिक प्रभाव के लिए एआई, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं में एआई, कृषि और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं ग्लोबल साउथ के लिए एआई। यह दृष्टिकोण एआई को समावेशन और स्थायित्व के दायरे में एक रणनीतिक विकल्प के तौर पर रेखांकित करता है। इस क्रम में मिनी एआई पर भी जोर दिया जा रहा है। मिनी एआई से तात्पर्य ऐसे माडल से है, जो उपयोग में सुगम होने के साथ ही किफायती एवं बहुभाषी भी हों। खासतौर से कमजोर कनेक्टिविटी वाले परिदृश्य में भी प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। ऐसी दृष्टि के साथ भारत यह जताना चाहता है कि नवाचार अनिवार्य रूप से बड़े पैमाने और अत्याधुनिक प्रणालियों तक ही सीमित नहीं रह सकता। इसके बजाय उसकी दृष्टि उपयोगिता को केंद्र में रखती है। इसमें पूर्वानुमानित सार्वजनिक स्वास्थ्य माडल, जलवायु के प्रति अनुकूल कृषि और डिजिटलीकृत सेवाओं का वितरण महत्वपूर्ण हैं। इससे एआई केवल कारपोरेट कौशल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राज्य की क्षमताओं को सुदृढ़ करने का एक उपकरण बन जाती है। इस तरह यह एक ओर विकास संबंधी व्यावहारिकता बन जाती है तो दूसरी ओर भू-राजनीतिक स्थिति का पर्याय।

भारत की आकांक्षा केवल वैश्विक एआई मानकों के अनुपालक बनने तक सीमित नहीं है, वह उनमें सक्रिय सहभागी भी बनना चाहता है। करीब 30 लाख से अधिक एआई पेशेवरों और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के दम पर नई दिल्ली का मानना है कि उसके पास इस विमर्श को दिशा देने के लिए आवश्यक जनसांख्यिकीय एवं उद्यमशील शक्ति मौजूद है। इस संदर्भ में जब सैम आल्टमैन जैसे एआई क्रांति के अग्रदूत यह कहें कि भारत में फुल स्टैक एआई लीडर बनने की भरपूर संभावनाएं हैं तो यह उसी धारणा को मजबूत करता है कि यह देश उभरती अर्थव्यवस्थाओं के एक व्यापक गठबंधन को नेतृत्व दे सकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र जैसे संस्थानों का इस सम्मेलन से जुड़ाव इसकी बहुपक्षीय दिशा को भी दर्शाता है। समग्रता में देखा जाए तो भारत एआई परिदृश्य पर स्वयं को पश्चिम के नवाचार केंद्रों और वैश्विक दक्षिण की परिचालन संबंधी आवश्यकताओं, अमेरिकी नेतृत्व वाले उद्यमशील इकोसिस्टम और सरकारी नियंत्रण वाले चीन के व्यापकता से परिपूर्ण तंत्र के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करने में लगा है। एआई संचालन से जुड़ी एक राह भारत की व्यापक विदेश नीति के रुझान को भी दर्शाती है। अलग-थलग पड़े बिना रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखना इस नीति के मूल में है।

तकनीकी राष्ट्रवाद के इस दौर में ऐसा रुख-रवैया न केवल विश्व के शक्ति केंद्रों से जुड़े रहने, बल्कि अफ्रीका, दक्षिण पूर्वी एशिया और दक्षिण अमेरिकी देशों की आवाज को बुलंद करने की गुंजाइश भी देता है। वैश्विक स्तर पर भारत के स्वर भी उसकी घरेलू नीतियों से भी मेल खा रहे हैं। इस दिशा में कल्याणकारी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि परामर्श और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एआई से जुड़ी पहल भारत के दावों को ठोस आधार प्रदान करती है।

# प्राकृतिक न्याय से ही सुदृढ़ होगा राजस्व तंत्र: समयबद्ध निस्तारण पर जिला स्तरीय कार्यशाला

### राजस्व न्यायालयों की पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने को मिला प्रशिक्षण

### आदेश लेखन, साक्ष्य परीक्षण व विधिक प्रावधानों पर गहन मंथन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी व समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक राजस्व प्रकरण में



विधिसम्मत प्रक्रिया व प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का विश्वास न्याय प्रणाली में और अधिक सुदृढ़ हो सके। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा, अनावश्यक स्थगन से बचाव एवं निर्धारित समय-सीमा में वादों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राधेश्याम बत्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में राजस्व अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय भूमि संबंधी विवादों के समाधान का प्रमुख माध्यम हैं, अतः प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आदेश लेखन की गुणवत्ता, सटीक तथ्य विश्लेषण तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों–दोनों पक्षों को समुचित सुनवाई का अवसर एवं कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता–को न्यायिक प्रक्रिया का मूल आधार बताया।

### विधिक प्रावधानों व प्रक्रियात्मक त्रुटियों से बचाव पर चर्चा

कार्यशाला में राजस्व न्यायालय नियमावली, सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रमुख प्रावधानों, राजस्थान टेनेंसी एक्ट एवं राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के न्यायिक प्रावधानों का क्रमबद्ध विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही वाद निस्तारण की मानक प्रक्रिया, साक्ष्य परीक्षण, आदेश की संरचना, तर्कसंगत निष्कर्ष एवं अपीलीय स्तर पर निर्णय की स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### डिजिटल मॉनिटरिंग व अभिलेख संधारण पर जोर:

प्रशिक्षण के दौरान अभिलेख संधारण, समुचित नोटशीट लेखन, समन एवं नोटिस की विधिवत तामील, प्रकरणों की डिजिटल मॉनिटरिंग तथा लंबित मामलों की प्रभावी समीक्षा जैसे प्रशासनिक पहलुओं पर भी विशेष मंथन हुआ। अधिकारियों की ओर से रखी गई जिज्ञासाओं का विशेषज्ञ वक्ताओ ने समाधान किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर दक्षिण युगांतर शर्मा सहित जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी व रीडर उपस्थित रहे।

## श्याम भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियों पर श्रोता भाव विभोर



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे में स्थित करणी माता मंदिर परिसर में सोमवार रात को श्याम भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रीश्याम परिवार रेनवाल मांजी समिति के सदस्यों ने बताया कि शाम 7:15 बजे बाबा खाटूश्याम की मनमोहक आलोकिक झांकी सजाकर अखंड ज्योत के साथ श्याम बाबा का दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में गायक अभिषेक नामा जयपुर, विक्की शर्मा,नरेंद्र कृष्णा, अनु मिश्रा जयपुर और ज्योत सेवा कैलाश महाराज जयपुर ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। बाबा श्याम भजन संध्या में पुष्प और इत्र की महक से श्याम बाबा भजन संध्या परिसर सुगंधित हो गया।हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंज उठा रेनवाल मांजी। कार्यक्रम में पंवालिया, हरसूलिया, हीरापुरा, किशनपुरा, रेनवाल मांजी, डालुवाला, रायपुरा, बीड रामचंद्रपुरा, गोहन्दी, चित्तौड़ा, पीपला, नारायणपुरा, मोहनपुरा पृथ्वीसिंह, गणेशपुरा, बालापुरा सहित आसपास के कई गांवो के श्रोता श्याम संध्या में भजन सुनने के लिए पहुंचकर आनंद लिया।

## विवादों के निस्तारण के लिए आपसी समझाइश



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व भंवर लाल बुगालिया (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) के मार्गदर्शन तथा अरविन्द कुमार जांगिड़ (अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक) के निर्देशन में विवादों के त्वरित व सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए विशेष समझाइश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भानुप्रिया सेहरा, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, सांभर लेक की ओर से नगर पालिका मण्डल फुलेरा के सभागार में फुलेरा व आसपास के गांवों से आए पक्षकारों के मध्य न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों में आपसी समझाइश करवाई। इस अवसर पर पक्षकारों को आपसी संवाद, सौहार्दपूर्ण व्यवहार व समझौते की भावना से अल्प समय में विवादों का समाधान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण करवाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स शंकर लाल छंदवाल, कैलाश माली, राकेश, कृष्णा कुमावत, माधुरी पारीक, दीपांशु व सागर सहित अन्य उपस्थित रहे। इस पहल से क्षेत्र में न्याय सुलभता को बढ़ावा मिलने के साथ ही लंबित मामलों के त्वरित समाधान की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ।

## एसडीएम ने मैड में सीएचसी व अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेड तथा अन्नपूर्णा रसोई मेड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता का जायजा लिया। सीएचसी मेड के निरीक्षण के समय उन्होंने साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी सेवाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से संचालित हों। इसके पश्चात एसडीएम ने अन्नपूर्णा रसोई मेड का निरीक्षण किया, जहां भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, मेन्यू और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने रसोई संचालकों को निर्देश दिए कि जरूरतमंदों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



## स्वरोजगार को मिलेगा संबल: पीएम स्वनिधि योजना के तहत जोनवार होगा शिविरो का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जोन स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नए आवेदन पत्र भरवाने के साथ ही बैंकों में लंबित आवेदनों की ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिल सके। नगर निगम प्रशासन के अनुसार शिविरों का आयोजन विभिन्न जोन में निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। शिविरों में स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध करवाने, लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने तथा योजना से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। नगर निगम ने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने-अपने जोन में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ उठाएं, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके और स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके।

## स्कूल के गेट पर जलभराव से मुसीबत: कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर बच्चे

### दो माह से ठप पड़ी सीसी सड़क



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर की ग्राम पंचायत लांखना के ग्राम श्रीरामपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसके चलते स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चों को प्रतिदिन गंदे पानी और कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जलभराव के कारण कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोटें भी आती हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। कई बार पानी अधिक भर जाने से बच्चों का स्कूल तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। विद्यालय के सामने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी स्थित है, जिससे मरीजों व प्रसूता महिलाओं को भी इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से करीब 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कार्य दो महीने पूर्व शुरू किया गया था। ठेकेदार से जेसीबी से सड़क की खुदाई कर सड़क को घरों के सामने लगभग डेढ़ फीट तक नीचा कर दिया गया, लेकिन इसके बाद कार्य बंद कर दिया गया। अधूरे निर्माण के चलते जलभराव की समस्या और बढ़ गई है तथा लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता लोकेश शर्मा को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करवाने व जलभराव की समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

## पितृ देव लालू जी महाराज के वार्षिकोत्सव के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** गोविंदगढ़ पंचायत समिति के ढोढसर ग्राम स्थित संत पितृ देव लालू जी महाराज के 12वें वार्षिकोत्सव के पोस्टर का विमोचन मंदिर परिसर में हुआ। मंदिर के सेवक भगवान महाराज ने बताया कि रविवार 22 फरवरी को पितृ देव लालू जी महाराज का 12 वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 10:15 बजे से शाम 6:15 तक भजन संध्या का आयोजन होगा 7 दोपहर 12:15 बजे से अतिथि सम्मान समारोह और दोपहर 2:15 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर सेवक जगदीश चौधरी ने बताया कि भजन संध्या स्वर्गीय कविराज भगवान सहाय सैन के सुपुत्रों कवि सुदामा सेन, कृष्ण कुमार सेन और नारद मुनि सेन की ओर से आयोजित की जाएगी। संत श्री पितृ देव जी महाराज ट्रस्ट ढोढसर आश्रम की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वार्षिक उत्सव में देश ही नहीं विदेश में निवास करने वाले श्रद्धालु भी बाबा के दर्शन करने आते हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से इस मंदिर में अर्जी लगता है उसकी मनोकामना जरुर पूर्ण होती है, ऐसी मान्यता है। पोस्टर विमोचन के दौरान धोबलाई पूर्व सरपंच नंदकिशोर यादव, मंदिर कमेटी अध्यक्ष सीताराम यादव,सुरेश कुमावत, बाबूलाल नायक, किशन जिंजवाडिया, गोवर्धन जिंजवाडिया, बंशी जिंजवाडिया, ममता कुमावत, रामचन्द्र कुमावत, श्रवण यादव, रणजीत यादव, जितेंद्र यादव, बाबूलाल चौधरी, श्रवणी देवी, कैलाश कुमावत, जगदीश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## धानका समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन: 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** प्रताप नगर सेक्टर-11 में धानका समाज की ओर से प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 11 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणयसूत्र में बंधे। समाज की ओर से सभी जोड़ों का विवाह निःशुल्क संपन्न कराया गया तथा नवविवाहित दंपत्तियों को आवश्यक घरेलू उपहार भी प्रदान किए गए। सम्मेलन में करीब 5000 लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। समिति अध्यक्ष गोविंद राम देहराण, महामंत्री नारायण लाल देहराण (श्रीरामपुरा), कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मावर व रामपाल मावर ने बताया कि समाज में आपसी सहयोग, सामूहिकता और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान भगवान शिव की प्रतिमा की स्थापना भी की गई, जिससे पूरे परिसर में धार्मिक व उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से नवविवाहित जोड़ों के लिए बधाई संदेश प्रेषित किया गया और उपहार भी भिजवाए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडीजे कुमकुम, पार्षद शंकर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, अनुसूया नारायण, नगर पालिका वाटिका पार्षद मुकेश बैरवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम सफल आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

## सात दिवसीय सेवा शिविर को लेकर विशेष मीटिंग, सौंपी जिम्मेदारी


जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वावधान में श्याम भक्तों के लिए सात दिवसीय सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रतन फौजी व उनकी पार्टी की ओर से भजन-संध्या का आयोजन 24 तारीख की रात्रि को किया जाएगा। सेवा शिविर का आयोजन 21 तारीख से प्रारंभ होकर 26 तारीख तक सात दिनों तक चलेगा। यह शिविर का आयोजन नेशनल हाईवे संख्या 48 का लाडाकावास रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड पर आयोजित होगा।इस दौरान बैठक में हरि चोरिया, सत्तार खान, शिवराम यादव (सत्तू), रामनिवास यादव, महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, अमन खोजा, शंकर चोरिया, सुरेश कमलोडीया, जितेंद्र पत्रकार, राजेश बाड़ीगर, पृथ्वी कामलोडीया, सुभाष गल्डवाल, महेंद्र बाड़ीगर, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव, महेश सांपला, करण यादव, मुकेश सिसौटीया, सुनील डागर, कैलाश यादव, दीपक मोटन, लोकेश स्वामी व महेंद्र कामलोडीया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोजगार की राह आसान: कैम्पस प्लेसमेंट में 384 युवाओं को मिला रोजगार

### 867 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, 23 निजी संस्थानों ने की भर्ती प्रक्रिया पूरी

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कास)।** उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, जयपुर की पहल पर मंगलवार को सिरसी मोड़ स्थित एक निजी आईटीआई परिसर में आयोजित एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आया। शिविर में करीब 867 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां विभिन्न ट्रेड से जुड़े 23 निजी संस्थानों की ओर से भर्ती प्रक्रिया संपन्न की गई। शिविर के दौरान 378 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया, वहीं 6 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। इस प्रकार कुल 384 युवाओं को रोजगार व प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हुए, जिससे कौशल आधारित रोजगार को बढ़ावा मिला।


### कौशल विकास से बढ़ेगी रोजगार क्षमता:

कार्यक्रम में उप निदेशक, उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर नवरेखा, कनिष्ठ रोजगार अधिकारी चन्द्र प्रकाश मीणा तथा जिला कौशल समन्वयक, राजस्थान कौशल व आजीविका विकास निगम राघवेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उप निदेशक नवरेखा ने अपने उद्बोधन में अभ्यर्थियों का स्वागत करते हुए रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण व करियर उन्नयन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं वर्तमान रोजगार परिदृश्य की जानकारी देते हुए सतत परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। कनिष्ठ रोजगार अधिकारी चन्द्र प्रकाश मीणा ने अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के महत्व से अवगत कराते हुए पंजीयन व उपयोग की प्रक्रिया समझाई। वहीं जिला कौशल समन्वयक राघवेन्द्र सिंह ने उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि राजस्थान कौशल व आजीविका विकास निगम की ओर से युवाओं को हार्ड स्किल्स जैसे डिजिटल साक्षरता, वित्तीय प्रबंधन व कोडिंग के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स जैसे टीमवर्क, समय प्रबंधन व संचार कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता व आजीविका के अवसर सुदृढ़ हो रहे हैं।

## मुख्यधारा से जुड़ाव की नई पहल: घुमन्तु जाति के लोगों ने पहली बार सिनेमाघर में देखी फिल्म

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** घुमन्तु जाति उत्थान न्यास एवं श्री बालाजी नवयुवक मंडल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में घुमन्तु बस्ती के बच्चों, महिलाओं व पुरुषों के लिए एक विशेष पहल करते हुए उन्हें पहली बार सिनेमाघर में फिल्म दिखाने का आयोजन किया गया। विधाधर नगर स्थित एक सिनेमाघर में आयोजित इस कार्यक्रम में घुमन्तु समाज के लोगों ने अपने जीवन में पहली बार 'बॉर्डर-2' फिल्म का आनंद लिया। कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य घुमन्तु समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना व उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। घुमन्तु जाति कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा, श्री बालाजी नवयुवक मंडल के पार्षद नरेन्द्र सिंह, कैलाश सैनी, राहुल सैनी व योगेश जांगिड़ के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। घुमन्तु जाति उत्थान न्यास की ओर से सिनेमाघर बुक कराकर इस आयोजन को संभव बनाया गया। संस्था की ओर से वर्षों से घुमन्तु समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। अब मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रमों को भी इसमें शामिल किया गया है, ताकि समाज के इन वर्गों को मुख्यधारा में जोड़ने के प्रयासों को और मजबूती मिल सके। फिल्म के अंतराल में उपस्थित दर्शकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। आयोजन ने घुमन्तु समाज के लोगों में नई ऊर्जा व आत्मविश्वास का संचार किया।





## वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच दिमागी सुकून पर बोलीं सुतारिया

तारा सुतारिया इन दिनों वीर पहाड़िया के साथ कथित तौर पर ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वीर पहाड़िया से उनका ब्रेकअप हो गया है। इस बीच उन्होंने बताया है कि वह अपने दिमागी सुकून पर ध्यान दे रही हैं। आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा है।

### क्या है जिंदगी का मकसद?

बातचीत में तारा सुतारिया ने कहा 'मैंने हमेशा से इस बात पर यकीन किया है कि असली कामयाबी दिमागी सुकून में है। मेरी जिंदगी का यह मकसद रहा है कि आपके पास जो मुट्ठी भर लोग हैं, वह आपको प्यार करें और आपको जानें।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे करियर आगे बढ़ा है, शांत रहना और भी जरूरी हो गया है।

### शांति की रक्षा करना सीखा

तारा सुतारिया ने बताया कि उन्हें यह समझने में समय लगा कि उन्हें अच्छा महसूस करने के लिए क्या चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी शांति की रक्षा करना सीख लिया है। सिर्फ हम जानते हैं कि अपने नर्वस सिस्टम को कैसे शांत करना है।'

### वायरल वीडियो के बाद फैली अफवाह

हाल ही में खबरें आईं कि तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि दोनों ने इस पर कुछ नहीं कहा है। एपी ढिल्लों के मुंबई कॉन्सर्ट के वायरल वीडियो के बाद उनके ब्रेकअप की अफवाहें फैलीं। इस वीडियो की सुतारिया ने आलोचना की और इसे पेड पीआर बताया। वहीं पहाड़िया ने कहा कि जो क्लिप सर्कुलेट हो रही थी, उसे एडिट किया गया था।



## पैपराजी पर भड़कीं आयशा खान, एआई के गलत इस्तेमाल को भी बताया खतरनाक

**आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिलकुल असली लगते हैं।**

### से किसी की इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। पिंकविला के साथ इंटरव्यू में आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है। मेरे और विजय सर की एक तस्वीर को एआई वीडियो में बदल दिया गया, जैसे हम गले मिल रहे हों। जिसके बाद मुझे बताना पड़ा कि ऐसा कभी हुआ ही नहीं। ज्यादातर लोग यह समझ ही नहीं पाते हैं कि यह सब एआई से किया गया है।'

### पैपराजी के वीडियो पर क्या बोलीं आयशा?

पैपराजी के वीडियो और वायरल क्लिप्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'लोग सहमति को नहीं समझते। बिना पूछे आप किसी का वीडियो या फोटो नहीं ले सकते। आप जानते हैं कि यह गलत है, फिर भी किसी का 'oops' मूमेंट कैप्चर करके उसे पोस्ट कर देते हैं। हालांकि कई फोटोग्राफर उनकी सीमाओं का सम्मान करते हैं। जब वह किसी फोटो को पोस्ट ना करने को कहती हैं, तो वे मान जाते हैं और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करते हैं।'

### आयशा का शरारत गाना हुआ खूब वायरल

आयशा खान हाल ही में धुरंधर के 'शरारत' गाने में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ क्रिस्टल डिसूजा ने भी परफॉर्म किया था। यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।



## डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

अल्लू अर्जुन और एटली एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के टाइटल का अभी एलान नहीं किया गया है। इसके बावजूद फिल्म ने काफी चर्चा बटोर ली है। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इस प्रोजेक्ट में पहली बार एक पावरफुल स्टार और एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर साथ काम कर रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि यह फिल्म आने वाले वक्त में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी।

लेट्स ओटीटी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। बताया जाता है कि रश्मिका मंदाना एक डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी। फिल्म में रश्मिका का किरदार उन खुशमिजाज किरदारों से बहुत अलग है, जो वह आमतौर पर स्क्रीन पर निभाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अल्लू अर्जुन ने पर्सनली इस रोल के लिए उनका नाम सजेस्ट किया था। फैंस को लगता है कि यह किरदार रश्मिका का बिल्कुल नया साइड सामने लाएगा।

फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड फीमेल रोल में हैं। दो मजबूत एक्ट्रेस के अहम रोल निभाने से फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। कई फैंस यह देखने के लिए बेताब हैं कि फिल्म में उनके किरदार कैसे होंगे। खबर है कि रश्मिका ने इस हफ्ते अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। वह फरवरी भर काम करती रहेंगी। इस महीने के आखिर में वह अपनी शादी के लिए छोटा ब्रेक ले सकती हैं। फिल्म का प्रोडक्शन आसानी से चल रहा है। करीब 25 से 30 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है।

## 'स्पिरिट' से बाहर होने की अफवाह के बीच प्रकाश राज ने किया नई फिल्म का एलान



बीते दिनों प्रकाश राज को लेकर ऐसी अफवाहें चलीं कि वे संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हो गए हैं। हालांकि, प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कल सोमवार को इन अफवाहों को खारिज कर दिया। आज मंगलवार को उन्होंने एक दिलचस्प अपडेट शेयर किया है। वे अब फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं। प्रकाश राज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है कि वे फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं। आगे लिखा है, 'दिलचस्प फ्रेंचाइजी 'दृश्यम 3' हिंदी में शूटिंग शुरू कर दी है। एक शानदार टीम और एक शानदार रोल के साथ। मुझे यकीन है कि आपको यह पसंद आएगा। और हां, मैं किसी को रिप्लेस नहीं कर रहा हूं।

बता दें कि ऐसी खबरें सामने आईं थीं कि दीपिका पादुकोण के बाद प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। संदीप रेड्डी वांगा के साथ रचनात्मक मतभेदों के चलते उन्होंने ऐसा किया। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही। एक्टर ने लिखा, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

## शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को किया खारिज



अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। शमिता शेट्टी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है।

बता दें कि बीते दिनों अभिनेत्री शमिता की डेटिंग लाइफ को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। दरअसल, उन्होंने 02 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आई शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा गया।

शख्स टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा थे। हलांकि, डेटिंग को लेकर शुरू हुई अफवाहों को शमिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया।

दीपेश शर्मा के साथ अफेयर की अफवाहों पर शमिता ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर लिखा था, 'सिंगल और शांत। सच्ची दोस्ती को गलत तरीके से समझने वाले रूढ़िवादी बनना बंद करो। ये सरासर बकवास है'। बता दें कि शमिता ने साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से डेब्यू किया था।



## बेटे के डेब्यू पर गोविंदा का बड़ा बयान

# बताया क्यों छोड़ी राजनीति

**गोविंदा बीते दिनों से चर्चाओं का विषय बने हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी ने उनपर एक्सट्रामैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे। हालांकि इन सभी आरोपों को गोविंदा ने खारिज कर दिया। अब उनके बेटे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। गोविंदा ने उनके बेटे की एक्टिंग पर भी खुलकर बात की है।**

### यश मुझसे भी बेहतर एक्टर बनेगा

गोविंदा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है और यश आगे चलकर उनसे भी बेहतर एक्टर बनेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा, 'यश मुझसे बेहतर एक्टर बनेगा। वो टेक्निकली मुझसे ज्यादा मजबूत है।' अपने बेटे को सपोर्ट करने को लेकर गोविंदा ने बताया कि उनकी सिफारिश पर निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने यश को अपने ऑफिस में जगह दी, ताकि वह फिल्ममेकिंग के अलग-अलग पहलू सीख सके।

### करण जौहर पर कसा तंज

इस इंटरव्यू के दौरान गोविंदा ने बताया कि उनके नाम पर एक फिल्म बनाई गई थी। गोविंदा बोले, 'किसी ने मेरे नाम से पिक्चर बना दी थी। शायद उसका नाम 'गोविंदा मेरा नाम' था। मुझे पता नहीं, पर लगता है कि वो करण जौहर की फिल्म थी।' बता दें, साल 2022 में रिलीज हुई 'गोविंदा मेरा नाम' में विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी ने साथ काम किया था। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया था। वहीं इसके प्रोड्यूसर करण जौहर थे।

### गोविंदा ने क्यों छोड़ी राजनीति

वहीं राजनीति छोड़ने के फैसले पर गोविंदा ने कहा कि उन्होंने यह कदम अपने परिवार के लिए उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता था कि राजनीति मेरी फैमिली लाइफ और बच्चों पर असर डाले।'

### न्यूकमर्स के साथ काम करना चाहते हैं गोविंदा

खबर है कि गोविंदा सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आ सकते हैं। हालांकि इस बात को लेकर कोई जानकारी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। हां, सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' के मंच पर जरूर कहा था कि वह गोविंदा के साथ एक फिल्म में काम कर रहे हैं। गोविंदा ने आगे कहा कि वह नए कलाकारों के साथ काम करना चाहते हैं और नहीं चाहते कि कोई भी एक्टर उनके बारे में गलत डर बनाए। इसी वजह से उन्होंने सभी से माफी भी मांगी। वहीं, हाल ही में सुनीता आहूजा के भी बॉलीवुड में डेब्यू करने की बात सामने आई है।

यशवर्धन करने वाले हैं बॉलीवुड में डेब्यू

गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। बेटी टीना ने 2015 में फिल्म 'सेकंड हैंड हसबैंड' से डेब्यू किया था। बेटा यशवर्धन भी जल्द ही फिल्मों में कदम रखने वाले हैं।



## निर्माण श्रमिकों का फूटा गुस्सा, पंजीयन निरस्त करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** निर्माण श्रमिकों के पंजीयन आवेदन लगातार निरस्त किए जाने से आक्रोशित मारवाड़ निर्माण मजदूर संगठन ने भैरू चौक स्थित मादरास वाले बाग में मंगलवार को बैठक कर श्रम विभाग के खिलाफ आवाज बुलंद की। इसके बाद उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निरस्त आवेदनों को पुनः चालू करने की मांग की गई। संगठन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि पंजीयन प्रक्रिया जटिल बनाकर वास्तविक निर्माण श्रमिकों को योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। सचिव मनोज यादव ने बताया कि एक वर्ष में 235 आवेदन किए गए, जिनमें से केवल 77 को ही स्वीकृति मिली। बैठक में गलथनी निवासी मांगी लाल मेघवाल का मामला भी उठाया गया, जिन्हें पत्नी की मृत्यु के बाद भी विभागीय सहायता का लाभ नहीं मिल पाया। संगठन ने चेतावनी दी है कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

## प्रथम चरण के चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जनगणना के अन्तर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण तथा मकान गणना का कार्य के लिए चार्ज अधिकारी तहसीलदार एवं आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी के 16 व 17 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जनगणना कार्य निदेशालय से नियुक्त राज्य स्तरीय प्रशिक्षक विशाल गर्ग एवं हिमांशु गोयल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल एचएलबी व एप्लीकेशन के उपयोग सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर ब्लॉक सीमा निर्धारण आंकड़ों के संकलन सत्यापन एवं डिजिटल एंट्री संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की संभावना नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए अपना शत-प्रतिशत देकर कार्य करने के लिए कहा और आगामी फील्ड कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। प्रशिक्षण में उपजिला जनगणना अधिकारी व उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार सहित जिला जनगणना सेल के समस्त कार्मिक व चार्ज स्तर (तहसील, नगर परिषद, नगरपालिका) के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## श्रीराम गौशाला में 5 क्विंटल लापसी का विशेष भोग कल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सेवा और संस्कार से जोड़ने का प्रेरक उदाहरण सुमेरपुर के कोलीवाड़ा क्षेत्र में देखने को मिलेगा। यहाँ स्थित श्री राम गौशाला में गुरुवार को विशेष आयोजन के तहत 5 क्विंटल लापसी का भोग अर्पित किया जाएगा। यह आयोजन गौशाला के सहयोगी सदस्य चन्दु भाई माँगीलाल चौहान की ओर से रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त गोवंश को लापसी का भोग लगाया जाएगा। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौ माता की सेवा के लिए क्षेत्र के भामाशाह निरंतर सहयोग कर रहे हैं और नियमित रूप से गोवंश के लिए विशेष भोग की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में यह आयोजन भी गौसेवा की भावना को समर्पित है।

## मेले के मंच से पूर्व मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक गीत का आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नाई नाथ महाराज के मेले में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व मंत्री गोलमा देवी के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक व मानहानिकारक गीत गाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।



ज्ञापन में मीनेश कुमार मीना एवं धनंजय मीना, निवासी खानपुर मीना, तहसील बाड़ी (धौलपुर) ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को तूंगा थाना क्षेत्र में आयोजित मेले के मंचीय कार्यक्रम में आरोपी ताराचंद, निवासी ग्राम चैनपुरा, पोस्ट दनाऊ, तहसील तूंगा वस्सी, जिला जयपुर की ओर से मंच से कथित रूप से आपत्तिजनक गीत प्रस्तुत किया गया। आरोप है कि उक्त गीत में गोलमा देवी के विरुद्ध अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची और समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त गीत को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर 'आशू मीना स्टूडियो' नामक चैनल के माध्यम से अपलोड कर प्रसारित किया गया, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। ज्ञापन सौंपने वालों का कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान नहीं, बल्कि एक महिला जनप्रतिनिधि एवं समाज की सम्मानित महिला के प्रति आपत्तिजनक व्यवहार है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से थाना तूंगा वस्सी, जयपुर को निर्देशित कर आरोपी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट हेमंत दुबे, एडवोकेट धीरेंद्र कुशवाह, एडवोकेट गौरव परिहार, एडवोकेट नंदू कुशवाह व सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेखौफ दौड़ रहे तूड़ी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियां

### हाईवे पर लगता है लंबा जाम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनिया क्षेत्र में इन दिनों ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ओवरलोड तूड़ी और भूसा भरकर निकल रहे हैं। ओवर लोड ट्रॉलियों के सड़कों पर दौड़ने से कस्बे में आए दिन कई बार जाम के हालात देखने को मिलते हैं। इसके साथ हादसे का भी डर बना रहता है। ऐसा ही सिलसिला मनिया कस्बे में नेशनल हाईवे संख्या 44, मांगरोल चौराहा व मांगरोल रोड पर चल रहा है। यह भूसे से भरे ओवरलोड



ट्रैक्टर ट्रॉली प्रतिदिन मांगरोल चौराहे पर जाम के हालत बना रहे हैं। जिससे राहगीरों व कस्बे वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस ओर पुलिस एवं परिवहन विभाग का कोई ध्यान नहीं है। बता दें कि ट्रॉलियों में इस तरह भूसा भरा जाता है कि पांच से दस फीट बाहर तक तिरपाल लटक जाती है। इससे उसके पास वाहन गुजारने में खतरा बना रहता है। शिकायत के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खास बात यह है कि इन ट्रॉलियों पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगता है, जिससे यह बेखौफ होकर गुजरती हैं। स्थानीय दुकानदार व राहगीरों ने बताया कि क्षेत्र में ज्यादातर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में ओवरलोड तूड़ी भरकर परिवहन किया जा रहा है, जिससे कई बार वाहन अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं। वहीं इन वाहनों के मनिया कस्बे व अन्य जगहों के बाजार बाले क्षेत्रों से गुजरने पर बार-बार जाम भी लगता है। इसके कारण अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी हो रही है। ओवरलोड ट्रॉलियों से तूड़ी की तिरपाल फट जाने से ट्रॉलियों से उड़ता है इस कारण आमजन को परेशानी होती है। सबसे ज्यादा समस्या मोटर साइकिल चालाकों को होती है। क्योंकि तूड़ी उड़कर सीधा उनकी आंखों में जाती है। इसके अलावा ट्रॉलियों में भूसा रखकर परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालक ट्रॉलियों के दोनों ओर बल्लियां फंसाकर तिरपाल के सहारे तूड़ी भरते नजर आते हैं, जिससे दोनों और दो तीन फीट और ऊपर की ओर पांच से छह फीट तक तूड़ी भरी नजर आती है। कस्बे वासी एवं राहगीर विनोद, राजाराम, रामलखन, मोहर सिंह, लालाराम आदि ने बताया कि ओवरलोड ट्रॉलियां जब मोड़ पर गुजरती हैं तब उनके पलटने का अधिकतर खतरा बना रहता है। पुलिस व परिवहन विभाग इनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करते हैं व इनका ओवरलोड परिवहन दिन और रात यथावत चलता रहता है।

## झोला छापों का जालः सुमेरपुर में बिना डिग्री चल रहे क्लीनिक, लोगों की सेहत से खिलवाड़

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। गांवों और ढाणियों में बिना डिग्री, बिना पंजीकरण और बिना कानूनी अनुमति के कथित क्लीनिक धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं, जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। चिंताजनक बात यह है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग को लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### 'इलाज' के नाम पर हो रहा प्रयोगः

ग्रामीणों का आरोप है कि ये तथाकथित डॉक्टर मरीजों को तत्काल राहत देने के नाम पर स्टेरॉयड एवं भारी एंटीबायोटिक दवाइयां दे रहे हैं। कई मामलों में बिना जांच के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक दुष्परिणाम पड़ने की आशंका बढ़ गई है। गलत उपचार के कारण मरीजों की स्थिति बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

### विभाग की चुप्पी पर उठे सवालः

लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आमजन के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि या तो निरीक्षण केवल कागजों में हो रहे हैं या फिर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं। इससे लोगों के बीच यह धारणा बन रही है कि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई है।

### गलत उपचार बन सकता है जानलेवाः

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि गलत दवा, इंजेक्शन या निदान किसी भी मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में अवैध क्लीनिकों का संचालन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आमजन के जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

### ग्रामीणों ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांगः

ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि विशेष जांच अभियान चलाकर अवैध क्लीनिकों को तत्काल सील किया जाए, दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या समय रहते कार्रवाई कर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## सुमेरपुर की सड़कें बदहाल, विभाग मौन! पालिका व पीडब्ल्यूडी पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर की सड़कों की हालत इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही की कहानी बयां कर रही है। बरसात के बाद से नगर की मुख्य व आंतरिक सड़कें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। स्थिति यह है कि आमजन के लिए आवागमन जोखिम भरा बन गया है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नगर पालिका के अधीन कई प्रमुख मार्ग क्षतिग्रस्त पड़े हैं, वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जिम्मे आने वाली जवाई बांध रोड सहित अन्य सड़कें भी मरम्मत की बाट जोह रही हैं। सड़क के बीच बने गहरे गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं और चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायतें दर्ज कराने और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। संबंधित अधिकारियों ने चार दिन में मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी धरातल पर कोई पहल नजर नहीं आई। शहरवासियों में बढ़ते आक्रोश के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर सड़कों की जिम्मेदारी किसकी है और जवाबदेही कब तय होगी? नागरिकों ने चेतावनी दी



है कि यदि शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो जनआंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन कब सक्रिय होता है और सुमेरपुर की सड़कों को गड्ढों के जाल से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाता है।

## दबंगों के खौफ में बेसहारा बुजुर्ग महिलाः खेत कब्जाने की कोशिश, जान से मारने की धमकी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां कुछ दबंगों पर एक बेसहारा बुजुर्ग महिला की कृषि भूमि हड़पने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) धौलपुर को लिखित शिकायत देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामला थाना कौलारी क्षेत्र के कोलुआ का पुरा निवासी शिवदेई पत्नी भरत सिंह का है। पीड़िता के अनुसार उनकी कृषि भूमि खसरा नंबर 99 एवं 100, ग्राम नगलादानी में स्थित है, जिसमें इस समय सरसों की फसल खड़ी हुई है। शिवदेई ने ग्राम किरारपुरा (थाना सैपऊ) निवासी बिहारी, नैने, महावीर और दुर्ग सिंह (पुत्रगण चिम्मन कुशवाह) पर आरोप लगाया है कि वे उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं आरोपी जमीन को जबरन अपने नाम कराने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आए दिन उनके साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करते हैं और खेत पर आने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। खेत में खड़ी सरसों की फसल को काटकर ले जाने की कोशिश की जा रही है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उनका एक पुत्र पूर्व में हत्या का शिकार हो चुका है, जबकि दूसरा पुत्र मूक-बधिर दिव्यांग है। परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन



यही कृषि भूमि है। पीड़िता ने पत्र में लिखा है कि वह एक बेसहारा वृद्ध महिला हैं और उन्हें व उनके परिवार को आरोपियों से जान का खतरा है। किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है।

### पुलिस से सुरक्षा की मांगः

शिवदेई ने 13 फरवरी 2026 को एसपी धौलपुर को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई तथा स्वयं व अपनी फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित बुजुर्ग महिला को न्याय व सुरक्षा कब तक मिल पाती है।

## जाट समाज के हक की हुंकारः सूरजमल जयंती पर अवकाश की मांग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जाट समाज के अधिकारों व सम्मान से जुड़े मुद्दों को लेकर मंगलवार को शहर स्थित पप्पू जाट ढाबे पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रमुख उद्योगपति पप्पू जाट व सामाजिक चेतना व विकास संस्थान के संयोजक व अधिवक्ता दीपक केन ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें उठाईं। प्रेस वार्ता में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पप्पू जाट ने कहा कि शिक्षा, राजनीति एवं सामाजिक प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में जाट समाज को उसका उचित हक और अधिकार समय पर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जाट समाज अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित है और अब समय आ गया है कि सरकार इस दिशा में ठोस पहल करे।

### तीन प्रमुख मांगों पर सरकार से हस्तक्षेप की मांगः

प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से निम्नलिखित मांगें रखी गईं। प्रदेश सरकार महाराजा सूरजमल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। महाराजा सूरजमल के गौरवशाली इतिहास को राज्य के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। केंद्र सरकार की ओर से धौलपुर, भरतपुर व डीग जिले के जाट समाज को शीघ्र आरक्षण प्रदान किया जाए। अधिवक्ता दीपक केन ने कहा कि यदि महाराजा सूरजमल के इतिहास को शिक्षा के



पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए तो नई पीढ़ी उनके योगदान से परिचित होकर समाज में जागरूकता एवं आत्मसम्मान की भावना विकसित कर सकेगी।

### राजनीति से दूरी, समाज उत्थान पर जोरः

यह पूछे जाने पर कि क्या यह पहल राजनीति में प्रवेश का संकेत है, इस पर पप्पू जाट ने स्पष्ट किया कि यह प्रयास केवल जाट समाज के उत्थान एवं अधिकारों की प्राप्ति के लिए किया जा रहा है और इसका किसी प्रकार की राजनीतिक महत्वाकांक्षा से कोई संबंध नहीं है। प्रेस वार्ता के दौरान जय सिंह राना, एडवोकेट मांगीलाल, एडवोकेट जोगिंदर सिंह राना, मधुसूदन दुबे, पूर्व पार्षद रामकृपाल सिंह, सतीश जाट आदि उपस्थित रहे।

## गर्भकाल से शिशु देखभाल तक 'डॉ. अनिता' का मार्गदर्शन

### किलकारी से सशक्त हो रहा मातृ-शिशु स्वास्थ्य

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गर्भवती महिलाओं को अब गर्भावस्था से लेकर प्रसव उपरांत शिशु के प्रथम वर्ष तक आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी के लिए न तो पुस्तकों पर निर्भर रहना पड़ रहा है और न ही इंटरनेट पर भटकना पड़ रहा है। मोबाइल फोन पर नियमित वॉयस कॉल के माध्यम से काल्पनिक पात्र डॉ. अनिता सरल और सहज भाषा में सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुँचा रही हैं। यह पहल भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में प्रारंभ किए गए किलकारी कार्यक्रम के तहत संचालित की जा रही है। किलकारी सेवा के अंतर्गत पीसीटीएस में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के चौथे माह से लेकर शिशु के एक वर्ष की आयु तक चरणबद्ध वॉयस मैसेज भेजे जाते हैं। इन संदेशों में प्रसव पूर्व जांच, संतुलित पोषण, एनीमिया नियंत्रण, सुरक्षित संस्थागत प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल, एचबीएनसी परिवार कल्याण, स्तनपान व शिशु टीकाकरण से संबंधित व्यवहारिक एवं जीवन रक्षक जानकारियां शामिल हैं। समय पर दी गई यह सलाह संभावित जोखिमों की शीघ्र पहचान में सहायक होती है और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। इससे मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में सकारात्मक




परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में आशा सहयोगिनियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। यह ऑडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल है, जिसके माध्यम से आशा कार्यकर्ता अपने मोबाइल फोन पर ही मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर रही हैं। इससे समुदाय स्तर पर परामर्श सेवाएं अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बन रही हैं। बताते चले कि इन दोनों कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तर पर जी एक कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में किया जा चुका है। कार्यशाला में कार्यक्रम के उद्देश्यों, तकनीकी पहलुओं, पोर्टल डेटा प्रबंधन व आशा प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि जिले की प्रत्येक गर्भवती महिला व नवजात शिशु तक सही समय पर स्वास्थ्य संदेश पहुंचाने के लिए पीसीटीएस पर शीघ्र व शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने किलकारी एप के इनकमिंग नम्बर 1600103660 व आउटगोइंग नम्बर 14423 के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चेतराम मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, ने भी अधिकारियों, कार्यक्रम प्रबंधकों, ब्लॉक स्तरीय कार्मिकों, आशा सुपरवाइजर से समूह चर्चा कर मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।बकार्यशाला में डिविजनल प्रोग्राम ऑफिसर स्वाति द्विवेदी की ओर से पीपीटी के माध्यम से किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## गौसेवा के लिए समर्पित की 3 क्विंटल लापसी, अंबावत परिवार निभा रहा मानवीय परंपरा

**सुमेरपुर(निस)।** अमावस्या पर कोलीवाडा स्थित श्री राम गौशाला में सेवा, समर्पण और संस्कार का अद्भुत संगम देखने को मिला। भामाशाह चंपालाल अंबावत परिवार (हाल मुंबई) की ओर से गौवंश के लिए 3 क्विंटल लापसी का विशेष भोग समर्पित किया गया। श्रद्धा और सेवा भाव से आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि समाज को परोपकार की प्रेरणा भी दी। गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार की प्रेरणा से कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत गोपूजन से हुई। इसके बाद गौवंश को प्रेमपूर्वक लापसी अर्पित की गई। इस दौरान पूरे गौशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष बात यह है कि अंबावत परिवार की ओर से प्रत्येक अमावस्या पर नियमित रूप से 3 क्विंटल लापसी बनवाकर गौवंश को समर्पित करने की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है।

राजस्थान सरकार

### कार्यालय निरीक्षक देवस्थान विभाग धौलपुर (राज.)

क्रमांक :- संस्था / देव / धौलपुर / 2025/35 दिनांक :-12/02/2026

**उजदारी नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी मंदिर श्री रामचन्द्रजी पुरानी छावनी धौलपुर के वंशानुगत मुख्य पुजारी / अं.सरेदार पुजारी श्री भवानीशंकर शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के कारण उनके स्थान पर उनके पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र स्व0 श्री भवानी शंकर शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी पुरानी छावनी धौलपुर उहसील व जिला धौलपुर द्वारा वंशानुगत मुख्य पुजारी/औसरेदार पुजारी पद पर दाखिला खारिज हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के सम्बन्ध में अगर किसी को कोई उज / ऐतराज हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 30 (तीस) दिवस के भीतर उज / ऐतराज प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद अवधि नोटिस श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री भवानी शंकर शर्मा के नाम वंशानुगत मुख्य पुजारी / औसरेदार पुजारी दाखिला खारिज की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी व म्याद उज्रदारी गुजरने के बाद किसी प्रकार की उज्र / आपत्ति नहीं सुनी जावेगी । सूचित होवें ।

नोटिस आज दिनांक माह सन को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(डा. पुष्पेन्द्र चतुर्वेदी)
निरीक्षक
देवस्थान विभाग धौलपुर

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
18 फरवरी, 2026

## 121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति, महा ज्योति आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** ढाणी धोरान स्थित पंडित रेवतीरमण महाराज के आश्रम में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रुद्र महायज्ञ समिति के सहयोग से आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान व 121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ का सोमवार को वेद मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति के साथ विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर यज्ञाचार्यों की ओर से विधि-विधान से यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। इस दौरान क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान शिव की आराधना कर परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। देर शाम आयोजित महाज्योति आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने ज्योति के दर्शन कर सर्वमंगल की कामना की और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छाया रहा। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के सफल संचालन में रुद्र महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## गो ग्रास वाहन का शुभारंभ, घर-घर से जुटेगी पहली रोटी गौ माता के नाम



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** भगत सिंह गो चिकित्सालय टीम की ओर से मंगलवार को 'गो ग्रास वाहन' का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह वाहन बीदासर नगर के प्रत्येक घर तक पहुंचकर 'पहली रोटी गौ माता के नाम' संकल्प के साथ गो ग्रास एकत्र करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और इस अभियान से आमजन की सहभागिता बढ़ेगी। गो ग्रास वाहन के माध्यम से प्रतिदिन घर-घर जाकर रोटियां व चारा एकत्र किया जाएगा, जिससे गौशाला में रह रही गौ माताओं को नियमित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष नौरतन, सचिव अभय प्रताप, संजयानंद महाराज (रामद्वारा), संदीप सुथार, सांवरमल सेवग, रवि मोदी, रौनक, राम जांगिड़, भरत जांगिड़, जीतू मेड़तिया, जीतू नाई, मंथन सहित कई गो सेवक मौजूद रहे। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे प्रतिदिन पहली रोटी गौ माता के नाम निकालकर इस पुनीत कार्य में सहयोग दें, ताकि गौ सेवा का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे।

## भामाशाह सम्मान समारोह में विद्यालय को मिले संसाधन, दानदाताओं ने दिया सहयोग



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती सुखवासी गाँव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भामाशाहों की ओर से विद्यालय को इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर, चार पंखे, कंप्यूटर सेट व प्रिंटर उपलब्ध कराए गए, साथ ही वाई-फाई सुविधा के लिए 51 हजार रुपए की नगद राशि भी प्रदान की गई। इसी क्रम में नोरंगराम रुलानिया की ओर से विद्यालय भवन का रंग-रोगन करवाकर विशेष सहयोग दिया गया। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने सभी भामाशाहों का साफा, शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विद्यालय विकास के लिए सहयोग के लिए तत्पर रहने की अपील की। इस अवसर पर दानदाता सुरेन्द्र राजवी, पूर्व सरपंच विनोद कस्वां, संस्था प्रधान जगदीश गोस्वामी, मंगल महला, मनोज चारण, सुभाष सैनी, कविता, करण सिंह, गोरीशंकर, मोमनराम, मोतीराम, श्योलाल, डूंगरसिंह, दानाराम, बृजलाल सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज की स्थानीय उप शाखा मासिक बैठक मंगलवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पर आयोजित की गई। बैठक में फरवरी 2026 में जन्म दिवस वाले पेंशनर परमेश्वरलाल शर्मा, हाकम अली खान, गंगाराम माली, रतनलाल गुर्जर का जन्मदिन माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मनाया गया। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा अध्यक्ष, सुरजाराम डाबरिया, मन्नालाल भींचर, ओंकाराराम, श्रवण कुमार सोनी, नंदकिशोर टेलर, सत्यनारायण स्वामी, हुसैन खान, रजाक खान, रंजीत कुमार नाई, दीने खां, सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, रामनिवास घोटिया, सूरजाराम बिरड़ा, श्रवण कुमार स्वामी, श्याम सुंदर माली, सुरेंद्र पाण्डे, गोविंद राम माली उपस्थित रहे। मार्च महीने में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी चर्चा की गई।

# युवाओं के भविष्य को दिशा देगा राज्य बजट : शंकर गोरा

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बोले-पूरे प्रदेश में चल रहा युवा संवाद यात्रा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा मंगलवार को चूरू दौरे पर रहे। स्थानीय डीटीओ ऑफिस के पास युवा नेता राजीव लाम्बा के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा के पहली बार चूरू आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा एकता वाहन रैली निकाली गई, जो पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के निवास पर पहुंची। इस दौरान रैली में दीपू लादड़िया, मिकी राठौड़, आदित्य राठौड़, आदित्य भांभू, अमित चौधरी, अंकित, शाहिद गांधी, इरफान, अयान, शिवा सहजूसर, दिनेश, नितेश, राकेश विशाल राजपुरोहित सहित अनेक युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। रैली के बाद राठौड़ के आवास पर उन्होंने प्रदेश के बजट को लेकर चर्चा की। इस दौरान गोरा ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला बजट है।




### युवाओं की ऊर्जा को पहचान देने वाला बजटः

गोरा ने बताया कि युवा मोर्चा पूरे प्रदेश में युवा संवाद यात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा के तहत युवाओं से सीधा संवाद कर आगामी बजट को लेकर उनकी राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प के साथ पेश किया गया। यह बजट युवाओं की ऊर्जा और नवाचार को पहचान देने वाला है। स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे 30 हजार युवाओं को लाभ मिलेगा। पेपर लीक माफिया पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट या लैपटॉप खरीदने के लिए 20 हजार रुपए का ई-वाउचर दिया जाएगा। गोरा ने बताया कि हॉस्पिटेलिटी सेक्टर के लिए विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पेपर लीक माफिया पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, महामंत्री अभिषेक चोटिया, निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, जयपाल टकणेत, मोनू जोड़ी, निखिल प्रजापत, रजत शर्मा सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 765 केवी टावर लाइन पर किसानों का उबाल, महापंचायत का ऐलान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** किसान मजदूर भवन में किसान सभा के तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग की अध्यक्षता में आयोजित किसान सम्मेलन में 765 केवी विद्युत टावर लाइन के मुआवजे को लेकर किसानों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेते हुए टावर लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाने का मुद्दा उठाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरियाणा के किसान नेता बलवीर सिंह ने आरोप लगाया कि अडानी विद्युत कंपनी की ओर से चूरू जिले में टावर लाइन लगाने के लिए किसानों की जमीन का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है तथा खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसे जिले का किसान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। किसान सभा ने ऐलान किया कि आगामी 23 फरवरी को तहसील कार्यालय के समक्ष महापंचायत आयोजित की जाएगी। साथ ही मांग की कि 765 केवीए लाइन का कार्य तुरंत प्रभाव से रोका जाए। सम्मेलन को राज्य कमेटी सदस्य निर्मल कुमार, जिला मंत्री उमरावसिंह, तहसील सचिव विक्रम, जिला उपाध्यक्ष चिमनाराम, रामस्वरूप सहारण, कुनण बरोड़ सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान किसान प्रतिनिधि के रूप में हजारी सरावग, होशियार सिंह, बनवारीलाल सौनपालसर, राकेश पुनरास, आरिफ मिस्त्री, बशीर खान, मनीर खान, गोपीराम, गजेंद्र सिंह, लालचंद, बेगाराम, पूर्व चेयरमैन याकूब खां, दाताराम, मामराज सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## गड्ढों में गुम हो गई 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क', दर्दनाक सफर झेलने को मजबूर ग्रामीण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील की मैलूसर ग्राम पंचायत के गांव राजास एवं बलाल को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क आज पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हालत यह है कि इस सड़क से गुजरना अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा सफर बन गया है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क का स्वरूप पूरी तरह गायब हो जाता है और दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। किसान नेता रूपचन्द सहारण ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों व व्यापारियों को रोजाना परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी दिक्कतें आती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़क की स्थिति से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि आमजन को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## दान की जमीन पर जीएसएस बनाए, नहीं तो लौटाएं भूमि

### ग्रामीणों की चेतावनी, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के कंवलासर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए दान की गई भूमि पर जीएसएस (ग्रिड सब स्टेशन) का निर्माण करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि गांव के किसान मुखराम पुत्र हरजीराम जाट ने अपनी कृषि भूमि में से एक बीघा जमीन जीएसएस निर्माण के लिए दान स्वरूप दी थी और उक्त भूमि का विक्रय पत्र भी विद्युत विभाग के नाम करवाया जा चुका है। इसके बावजूद कुछ व्यक्तियों की दखलंदाजी के चलते जीएसएस को अन्य स्थान पर बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि किसानों से भूमि दान में लेने के बाद अब राजनीतिक द्वेषता के चलते जीएसएस निर्माण को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की कोशिश की जा रही है, जो सरासर अन्याय है। उन्होंने मांग की कि या तो पूर्व में दान की गई भूमि पर ही जीएसएस का निर्माण किया जाए अथवा किसान मुखराम जाट को उसकी भूमि वापस दिलवाई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उचित निर्णय नहीं लिया गया तो गांव के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस पर एसडीएम रामकुमार वर्मा ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान लिखमाराम, मंगाराम, कुंभाराम, ओंकार राम, किशनसिंह, महावीरसिंह हाडा, मोहनराम, तोलूराम, जेठाराम, मूलाराम, रामेश्वर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** भारतीय किसान संघ चूरू की ओर से हर खेत को नहर पानी, हर खेत को रास्ता सहित कुल आठ मांगों के लेकर निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा भानीपुरा तहसील की ग्राम पंचायतों में पहुंचने के बाद मंगलवार को भानीपुरा के पंचायत भवन से लेकर तहसील कार्यालय तक सैंकड़ों किसानों ने रैली निकालकर प्रधानमंत्री, जल मंत्री, मुख्यमंत्री के नाम तीन ज्ञापन तहसीलदार भानीपुरा को सौंपकर किसानों की समस्याओ के समाधान की मांग की है। इस अवसर पर प्रान्त संगठन मन्त्री नीरज कुमार ने गांवों से किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब देवीय शक्तियां संगठित होती हैं, तो समाज का भला होता हैं। जब आसुरी शक्तियां संगठित होती हैं तो विनाश की सम्भावना बढ़ जाती हैं। प्रान्त मन्त्री श्रीचन्द सिद्ध ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियमित ग्राम इकाई व तहसील इकाई की बैठक ही किसानों आने वाली समस्याओं का समय से पहले समाधान करने में सहायक होती हैं। जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने कहा कि सूइ माइनर के प्रस्तावित 19 गांवों को नहर के पानी से जोड़ने के बाद काट दिया गया। क्षेत्र के किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया हैं। संगठन उच्च स्तर पर इस मांग को लेकर जाएगा और इन गांवों को जुड़वाने का पुरा प्रयास करेगा। इस अवसर पर सम्भाग सह मन्त्री शंकरलाल महर्षि, संभाग युवा प्रमुख राम विलास कांधराण, सम्भाग कार्यकारिणी सदस्य मामराज भानीपुरा, तहसील अध्यक्ष शैतान गुर्जर, तहसील उपाध्यक्ष फुला राम डूडी, तहसील मन्त्री रामलाल पुरोहित, तहसील गौ सेवा प्रमुख रेवन्त नाथ सिद्ध सहित गांव मालसर, राजासर पंवारान, भोजासर छोटा, तोलासर, नैणासर सुमेरिया, दल्लुसर, भींयासर, नीमरासर, हालासर, रातुसर, मेहरासर उपाधियांन, हरदेसर, बादडिया, हालासर सहित अनेक गांवों के किसान उपस्थित रहे।

### होली मायड़ भूमि रीः भव्य होली उत्सव, तैयारियों को लेकर टीमें गठित

## सरदारशहर में चार दिवसीय उत्सव में पुरानी संस्कृति की दिखेंगी झलक

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में लोक संस्कृति के प्रमुख पर्व फागोत्सव पर इस वर्ष शहर में भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। स्थानीय ताल मैदान में सेठ मूलचंद मालू के सुपुत्र उद्योगपति डॉ विकास कुमार विनीत मालू के सान्निध्य में होली मायड़ भूमि री उत्सव का चार दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 27 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। जिसमें लोक संस्कृति, रंग, संगीत और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र राजवी और कार्यक्रम अध्यक्ष शोभाकांत स्वामी ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उत्सव में प्रदेश और देश के ख्यातनाम कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। 27 फरवरी को बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय, राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा, सालासर के मनोहर पुजारी, हरीश हिंदुस्तानी व सांवरमल सैनी रावतसर लोक संस्कृति से ओतप्रोत गायन प्रस्तुत करेंगे। 28 फरवरी को लोक गायिका पूजा डोटासरा और बाली मोहन सीकर अपनी सुरमयी प्रस्तुतियां देंगे। 1 मार्च को राजू राजस्थानी और मनोहर लूटानिया सहित अन्य कलाकार शहरवासियों को लोक रंग में रंगेंगे। 2 मार्च को अंतिम दिन योगेश शर्मा शेखावाटी और नेहा महेश्वरी जयपुर की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ होली की धमाल, गीत, संगीत की गूंज से समापन होगा। इसी दिन भव्य होली पर शोभायात्रा का भी आयोजन रखा गया है। उत्सव के दौरान 28 फरवरी, 1 मार्च और 2 मार्च को प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे तक स्थानीय टोलियों की ओर से चंग वादन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद रात्रि 9 बजे से पारंपरिक घीदड़ का आयोजन नगारों की थाप, फागुन की मस्ती और बांसुरी की मधुर लय के साथ किया जाएगा। पूरा ताल मैदान रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आएगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिनके विजेताओं को होली मायड़ भूमि की ओर से आकर्षक व पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चार दिनों तक चलने वाला यह आयोजन न केवल मनोरंजन का केंद्र बनेगा बल्कि नई पीढ़ी को लोक परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी साबित होगा।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल का अभूतपूर्व स्वागत

### प्रवासी प्रभारी राजपुरोहित का भी अभिनंदन

जयपुर टाइम्स




**श्रीगंगानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल का स्वागत एवं श्रीगंगानगर विधानसभा के पंचायती राज चुनाव के प्रवासी प्रभारी चैन सिंह राजपुरोहित का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में दोनों नेताओं को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया कि पाईवाल के श्रीगंगानगर प्रवास के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भाजपा को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, शिवप्रकाश तेहरपुरिया, जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी, जिला मंत्री क्रांति चुघ, राहुल सहारण, राजीव शर्मा, निशांत पारीक, अमर सहारण, अमरसिंह मंडा, विक्रम राठौड़, मनीष प्रजापत, निश्चय जनवेजा, राहुल आबुपुरिया, अमित खन्ना सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## श्रमिकों को सुरक्षा व मौसमी बीमारियों से बचाव की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशन में सीवरेज परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा व मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कैंप आरयूआईडीपी के बाबू लाल ने कहा कि श्रमिक साथी राष्ट्रहित के विकास कार्यों में कार्य करते है जो एक राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। सभी श्रमिक साथी साईट पर कार्य करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करे। छोटी सी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। साथ ही बताया सभी श्रमिक साथी स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखे और अपने आस-पास साफ सफाई रखे, साफ पानी का उपयोग करे, नित्य स्नान करे आदि अच्छी आदतें अपनाकर निरोग बने।

## विद्यार्थियों ने किया थाना मंडावा का शैक्षणिक भ्रमण




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पुलिस थाना मंडावा का शैक्षणिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सीआई रामनारायण चोयल ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पुलिस की कार्य-पद्धति, कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया व विभिन्न दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 'आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर' के ध्येय वाक्य को समझाते हुए पुलिस की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भी उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। अंत में स्कूल परिवार ने मंडावा पुलिस स्टाफ व थाना प्रभारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## रेलवे पुलिया के पास खेजड़ी के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब रेलवे पुलिया से पश्चिम दिशा में स्थित एक बाड़े में खेजड़ी के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान प्रकाश पुत्र ज्ञानाराम प्रजापत (32) निवासी वार्ड संख्या 11 के रूप में हुई। पुलिस ने शव को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवाया और इसके बाद में शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हेमराज, सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई भानाराम की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मारपीट मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने कार्रवाई करते हुए मारपीट मामले में 11 साल से फरार चल रहे वार्ड 8 निवासी 42 वर्षीय सीताराम पुत्र हनुमानमल और वार्ड 8 निवासी 38 वर्षीय श्रवणसिंह पुत्र करणीसिंह राजपूत को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ टीम का गठन किया गया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए 11 साल से फरार चल रहे सीताराम और श्रवणसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि टीम की ओर से अब तक कुल करीब 375 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनमें कई बड़े इनामी आरोपी और कई बड़े हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि टीम की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वहीं स्पेशल पुलिस की कार्यवाही पर चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव ने भी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह की पीठ थपथपाई है।

## गोभक्त गिरधारी लाल पारीक का निधन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के प्रतिष्ठित गोभक्त गिरधारी लाल पारीक का शनिवार को निधन हो गया। वे धार्मिक, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। गौसेवा के प्रति उनकी गहरी आस्था थी और वे वर्षों से स्थानीय स्तर पर गौसंरक्षण गतिविधियों से जुड़े रहे।उनके पुत्र देवकांत पारीक ने बताया कि वे 1974 से समाचार पत्र वितरक थे। उनके निधन से परिवार, मित्रों तथा नगरवासियों में शोक की लहर है। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा शनिवार दोपहर श्रद्धापूर्वक निकाली गई। सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आम बजट युवा संवाद कार्यक्रम के निमित्त चूरू प्रवास के दौरान, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का सुजानगढ़ युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी के नेतृत्व और मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के सानिध्य में युवा मोर्चा की टीम ने 21 किलो की पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विनय माटोलिया ने प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का साफा पहनाकर अभिनंदन किया। बबलू सामरिया ने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालन का और संयोजक हिमांशु भाटी ने सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया। युवा मोर्चा टीम की ओर से प्रदेशाध्यक्ष को प्रतीक स्वरूप - हनुमान गदा..भेंट की गई। कायमखानी समाज के आसिफ हासमखानी ने उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर भेंट की। इस गरिमामयी उपस्थिति के दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री आदित्य पुजारी, जिला मंत्री हरिओम खोड, जिला उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह राठौड़, महामंत्री प्रकाश भार्गव, महामंत्री गौरव इंदौरिया, महामंत्री श्रवण ढिढरिया, महामंत्री विशाल, विश्वदीपक काछवाल, अरुण पंवार, गौतम भाटी, पवन बिनावरा, ललित गुर्जर, आसिफ, सहबाज, बिट्टू काजी, गजेंद्र जाट, कैलाश प्रजापत, गोपाल प्रजापत, सुनील ढाका, कृष्ण प्रजापत, राम दायमा, रितिक शर्मा, इमरान, अहमद, मोसिम, इकबाल, अर्चित अग्रवाल, आदिल, चौतन्य, रवि, रितेश, सुरेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंदिर में चोरी करते वक्त लोगों ने युवक को दबोचा, पुलिस ने करवाया अस्पताल में भर्ती

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोज लाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में हुई चोरी के अज्ञात आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई, उससे पहले ही सांड चौक स्थित गणेश मंदिर में भी चोरी की वारदात हो गई। चोर दान पात्र तोड़कर रात के करीब साढ़े 1 बजे चोरी कर रहा था, उसी वक्त आस-पास के लोगों में जाग हो गई और मंदिर से भागते वक्त लोगों ने चोर युवक को पकड़ लिया। लोगों ने युवक को एक विद्युत पोल से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी। भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि रात में श्री सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में चोर घुसा था, उसको लोगों ने पकड़ लिया था। दीवार से कूदने के दौरान वह गिर भी गया था। दाधीच ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम बाबूलाल बताया और उससे पूछने पर उसने बताया कि गौशाला और मुक्तिधाम में भी चोरी उसी ने की है। कमल दाधीच ने कहा कि पुलिस से हमारी मांग है कि जिस प्रकार से मंदिरों को चोर टारगेट कर रहे हैं, इसलिए इन मामलों में पुलिस सख्त कार्यवाही करे और घटना में शामिल सभी चोरों को अरेस्ट करे। दूसरी ओर इस मामले में जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप ने बताया कि मौके पर से लोगों की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को जख्मी हालत में राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया है और उसका उपचार जारी है। जांच अधिकारी ने बताया कि भर्ती व्यक्ति ने अपना नाम श्रवण बताया है। इस मामले में पुलिस ने पन्नालाल प्रजापत की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं घटना के बाद मंदिर में दान पात्र टूटा नजर आया और कपड़ों की संदूकें भी खुली नजर आई।

## 11 कुंडीय महायज्ञ के साथ ब्रज धाम महोत्सव का समापन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित स्वामी बस्ती में ब्रज धाम महोत्सव का 11 कुंडीय महायज्ञ के साथ समापन हुआ। गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज के सानिध्य व पंडित पुनीत शास्त्री और प. अर्जुन शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित 11 कुंडीय महायज्ञ में 44 जोड़ों ने सपत्नीक आहुतियां दी। किशोरदास स्वामी ने बताया कि इससे पूर्व रात्रिख् में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें केशवदास महाराज, सीमा राजकुमार स्वामी, प्रकाश गुप्ता ने देर रात तक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भोलदास स्वामी, रामलाल प्रजापत, ओमदास स्वामी, भागीरथ प्रजापत, बालचंद प्रजापत, भैरदास स्वामी, खेमदास स्वामी, दुर्गादास पूनिया, महेश स्वामी, अर्जुन राम मेघवाल, भंवरलाल प्रजापत, रूपाराम मेघवाल, श्याम सुंदर शर्मा, रूपचंद स्वामी, सुरेंद्र प्रजापत, रामचंद्र स्वामी, भंवरदास स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, बद्री प्रसाद, धनेश, सागरदास, राजेंद्र प्रजापत, कालूराम सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## रिमझिम बारिश से फिर ठण्ड का अहसास

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मौसम ने मंगलवार को करवट ली। दिनभर गर्मी का अहसास होने के बाद शाम को हवायें चलने लगी। शाम करीब साढ़े 6 बजे रिमझिम बारिश होने के कारण एक बार फिर से लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा। हालांकि दिन में गर्मी और रात में सर्दी का मौसम हो रखा है और दिन में अब पतझड़ के साथ फाल्गुनी बयार भी चल रही है। शाम को रिमझिम के कारण फिर से ठण्डक बढ़ी और आसमान में बादल छाये रहे।

## मनीष कुमावत बने कांग्रेस के उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**चूरू(निस)।** कांग्रेस के उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष मुकुल गोयल ने क ा ं ग, े स प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा की अनुमति से चूरू के मनीष कुमावत को प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिससे कांग्रेस युवा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर बनी हुई है। बता दें कि मनीष कुमावत अभी युकां के जिला उपाध्यक्ष हैं। उनकी नियुक्ति पर युकां के पदाधिकारियों ने खुशी जताई। कुमावत ने बताया कि जल्द ही वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर जिला कार्यकारिणी गठित करेंगे।



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**

E- Mail Address - eonp.sdlp@ yahoo.in Fax & Phone :- 01559 – 222039

क्रमांक :–न.पा.रा. / 2025–26 / 7618–20 दिनांक :– 12.02.2026

**–: संशोधित निविदा सूचना :–**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत सवेंदकों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांकः– 7487–89 दिनांक 04.02.2026 के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 13.02.2026 को निविदा आमन्त्रित की गयी थी, जिसमें अपरिहार्य कारणों से आंशिक संसोधित किया जाकर उक्त निविदा दिनांक 19.02.2026 को आमन्त्रित कर उसी दिवस खोली जायेगी। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)

राज.संवाद / सी / 25 / 19927

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:- 3284-3293 Date: 12/2/26

**Notice Inviting Bid No 29/2025-26**

Bids for 18 (Eighteen Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 20.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 227.42 Lacs

NIB No PWD 2526 A5657
UBN NO :-
1. PWD2526WSOB23038 2. PWD2526WSOB23039
3. PWD2526WSOB23040 4. PWD2526WSOB23041
5. PWD2526WSOB23042 6. PWD2526WSOB23043
7. PWD2526WSOB23044 8. PWD2526WSOB23045
9. PWD2526WSOB23046 10. PWD2526WSOB23047
11. PWD2526WSOB23049 12. PWD2526WSOB23050
13. PWD2526WSOB23052 14. PWD2526WSOB23055
15. PWD2526WSOB23056 16. PWD2526WSOB23058
17. PWD2526WSOB23060 18. PWD2526WSOB23062

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

DIPR/C/3367/2025

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email -, msdbhchuru@gmail.com Phone: - 01562-250333
क्रमांकः- लेखा / निविदा / 2025 / 3937 दिनांकः- 12,2,26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन पार्किंग ठेका की खुली बोली | 3.00 लाख | 19-02-26 | MHS2526SSOB06481 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/3344/2025

## कलर फाउंटेन की बच्चों ने तोड़ी 8 लाईट्स, सीसीटीवी में हुए कैद

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क में हाल ही में करीब 14 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए कीमती फव्वारों की लाईट्स को कुछ नाबालिग लड़कों को तोड़ दिया। इस घटना का सीसीटीवी भी शोसल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस प्रशासन मामले में कार्यवाही करने की स्थिति में नहीं है। सोमवार की शाम को यह घटना हुई जब दो बच्चे पत्थर से फव्वारों को तोड़ते हुए पार्क में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए। वहीं दो बच्चे और उनके साथ नजर आ रहे हैं। बच्चे पत्थरों से टारगेट कर लाईट्स तोड़ रहे हैं, फिर वहां से पकड़े जाने के डर से भागते हुए भी नजर आए हैं। मामले को लेकर पार्क के गार्ड अजीज खान ने बताया कि ग्रीन स्पेस पार्क कई किलोमीटर में फैला हुआ है और स्कूल की तरफ और पीछे की बस्ती की तरफ सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त नहीं है। इसलिए हमारी मांग है कि इधर की दीवार को उंचा करवाकर सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाए। दूसरी ओर स्थानीय निवासी नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान ने बताया कि परिजनों को अपने बच्चों को समझाना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार के उत्पाती बच्चे बड़े होकर अपराधी बन सकते हैं। वहीं रामानंद माटोलिया ने कहा कि बच्चों के परिजनों से पुलिस और प्रशासन को हर्जाने की राशि वसूल करनी चाहिए। दूसरी ओर इस मामले में नगरपरिषद की ओर से एक प्रार्थना पत्र भी पुलिस थाने को भेजा गया। सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने बताया कि पुलिस ने प्रार्थना पत्र नहीं लिया, क्योंकि बच्चे नाबालिग हैं। वहीं मामले में कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि सीसीटीवी में नजर आ रहे बच्चे नाबालिग हैं और पुलिस इतने छोटे बच्चों के खिलाफ मुदकमा दर्ज नहीं कर सकती। वहीं सोशल मीडिया पर बच्चों के परिजनों से ही हर्जाना राशि वसूल किए जने की मांग उठ रही है। इस घटनाक्रम में कुल 8 लाईट्स क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है। नगरपरिषद प्रशासन ने बताया कि गार्ड को भी लापरवाही पर नोटिस दिया जाएगा। वहीं गार्ड का कहना है कि एक ही गार्ड हूं, मुझे गेट पर और पानी के पास तैनात रहना पड़ता है, जबकि पार्क काफी बड़ा है।

## झंवर स्कूल में संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दी यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से राजकीय झंवर उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में बुधवार को विद्यालय सहायतार्थ संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि रेंवतमल, रतनलाल भूतोड़िया की स्मृति में कमला देवी, चन्द्रकला देवी, विनय भूतोड़िया के सौजन्य से संसाधन संपूर्ति कार्यक्रम आयोजित होगा।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर**

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 2485 दिनांकः- 9.2.2026

**ई - निविदा सूचना 56-59 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट - अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं। वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00-108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती-0075-00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रू. 50.00 लाख से 100.00 तक 1500 /- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू. 2500 / - का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट httpÑ//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों मे) | धरोहर राशि ( राशि लाखों मे) | निविदा शुल्क (राशि रूपयो मे) | निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18/ 25-26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in RWSS under rev. sub Division Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC13560 date- 09.02.2026. | 10.00 | 20000 | 500 | 23.02.2026 | 24.05. 2026 | 12 Month |
| 19/25 -26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in UWSS under city sub Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC13563 09.02.2026. | 20.00 | 40000 | 500 | 23.02.2026 | 24.05. 2026 | 12 Month |
| 20/25 -26 | Annual Rate Contract for Removing of Leakage and chocking in variou size pipe lines in RWSS under (O&M) PMC, PHED sub Division Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC13565 09.02.2026. | 10.00 | 20000 | 500 | 23.02.2026 | 24.05. 2026 | 12 Month |
| 21/25 -26 | Annual Rate contract for work of supply and fixing of various electric spare parts for starter and panel CI specials sluice valve NRVs of various UWSS city Sardarshahar under PHED div Sardarshahar. UBN is- PHE2526WSRC13568 Date 09.02.2026. | 10.00 | 20000 | 500 | 23.02.2026 | 24.05. 2026 | 12 Month |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है।
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस गाना जावेगा। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

DIPR/C/3023/2025

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर

राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority

माघ 17, शुक्रवार, शाके 1947- फरवरी 06, 2026
Magha 17, Friday, Saka 1947- February 06, 2026

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
चूरू, फरवरी 05, 2025
(अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन, पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 ( 1 ) )

RajKaj Ref No.: 20330968 :- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व ( ग्रुप - 6 ) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1 (150) राज- 6/2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार स्वीकृत सड़क कार्य Taranagar to Bain Via Changoi Road Km. 8/500 to 13/475, 13/720 to 21/0 विकसित किये जाने के प्रयोजन से जिला चूरू की तहसील तारानगर में निम्नानुसार प्रभावित गांव में भूमि अर्जन प्रस्तावित है

| क. स. | जिला | तहसील | राजस्व - ग्राम / नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चूरू | तारानगर | चंगोई, पेंड्राउताल, श्योपुरा, बनडा, बांय |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाधात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 'सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड तारानगर ( राजस्थान) एजेंसी का चयन किया गया है।

उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाधात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाधात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाधात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जायेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा।

भाग 1 (ख) राजस्थान राज-पत्र, फरवरी 06, 2026 20540

3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं / आपत्तियों के समुचित समाधान को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाधात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जायेगी।
4. सामाजिक समाधात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2(2) (a) (ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाधात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शून्य बना देगा
7. सामाजिक समाधात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम
6 माह की अवधि से पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

सम्पर्क सूत्रः-

सामाजिक समाधात निर्धारण इकाई
अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग
खण्ड तारानगर (राजस्थान )
फोन नं. 9166762119
सामाजिक समाधात निर्धारण एजेन्सी
सामाजिक आर्थिक विकास समिति

अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग
खण्ड तारानगर (राजस्थान)
फोन नं. 9166762119
आर. के. लूथरा,
संयुक्त सचिव (पथ),
सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज0 जयपुर।
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।

DIPR/C/2995/2026

# राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर फर्जी खातेदारी का खेलः मनियां में बड़ा भूमि घोटाला!

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बगचौली खार स्थित खसरा नंबर 723 (रकबा 0.3161 हेक्टेयर) से जुड़ा एक बड़ा भूमि घोटाला सामने आया है। लंबे समय से राष्ट्रीय राजमार्ग की नीचली कच्ची पटरी एवं खंती के रूप में उपयोग में रही इस भूमि को कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खातेदारी में दर्ज कर बैनामे कर दिए गए, जबकि यह भूमि कभी खातेदारी योग्य नहीं थी। शिकायतकर्ता मदनगोपाल पुत्र दुर्गाप्रसाद, निवासी बड़ागांव तहसील मनियां ने जिला कलेक्टर धौलपुर को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि मृत खातेदारों के नाम हटाए बिना तथा उनके वास्तविक वारिसों को सुने बिना ही भूमाफियाओं व राजस्व अधिकारियों की कथित मिलीभगत से खातेदारी के आदेश



पारित कर दिए गए। इसके बाद उक्त भूमि को उत्तर प्रदेश के खरीदारों को अवैध रूप से बेच दिया गया, जिससे भूमाफियाओं ने करोड़ों रुपए का लाभ अर्जित किया। शिकायत के अनुसार राजस्व अभिलेखों में जिन व्यक्तियों के नाम पर खातेदारी दर्शाई गई है, उनमें से कुछ की मृत्यु वर्षों पूर्व हो चुकी है। दस्तावेजों के अनुसार शांति देवी की मृत्यु 14 जून 2001 को तथा शीला की मृत्यु वर्ष 2015 में हो चुकी है। इसके बावजूद मृत व्यक्तियों को जीवित दर्शाते हुए खातेदारी दर्ज कर नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। सबसे गंभीर बात यह है कि खातेदारी प्रक्रिया के दौरान न तो मृत्यु संबंधी तथ्यों की जांच की गई और न ही वास्तविक वारिसों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। नियमों को दरकिनार कर की गई इस कार्रवाई से पूरे प्रकरण में सुनियोजित साजिश की आशंका जताई जा रही है।

शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व संबंधित भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा अवैध खातेदारी को निरस्त करने की मांग की है।

## वकील ने लगाया गोली गलोच का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वकील के साथ गाली गलोच करने व कुछ समय के लिए कैद किए जाने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में अधिवक्ता मो. दयान ने बताया है कि 17 फरवरी को दोपहर करीब तीन बजे मेरा मुवक्किल खालिद पंवार, निवासी चांद बास मेरे पास न्यायालय परिसर आया। उसने बताया कि मेरे द्वारा मकीला एम्पॉवर निधि लि. सुजानगढ से लोन लिया हुआ था और मेरे द्वारा लोन और ब्याज चुका दिया गया है। परन्तु कंपनी व उसके कर्मचारी मुझे अनापति प्रमाण पत्र व गिरवी रखा चांदी का सामान लौटा रहे हैं और कहा है कि आप अपने वकील को लेकर यहां आओ। जिस पर मैं मुवक्किल खालिद पंवार के साथ उक्त कार्यालय में गया। जहां खालिद के लोन के संदर्भ में बातचीत करना शुरू किया। मैंने कार्यालय में एक मोबाईल नंबर पर बात की, तो उसने मुझे गालियां दीं, इसी दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने अंदर से गेट का लॉक लगा लिया और कहा कि तुम लोगों को बाहर नहीं जाने देंगे। ऐसा कहकर मुझे व मेरे मुविक्कल को कैद कर लिया। इसके बाद कंपनी के पांच - छ लोगों ने एकराय होकर अपराधिक षडयन्त्र रचकर हम लोगों पर हमला दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चूरू जिले के बलिदानी योद्धाओं के परिवारों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** चूरू जिले के बलिदानी योद्धा के परिवार सम्मान समारोह का आयोजन राजस्थानलिंक डॉट कॉम की ओर से सालासर श्री आर एन शिक्षण संस्थान में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया, मान्डेता धाम सुजानगढ के महंत कानपुरी महाराज ने शहीद परिवारों को शोल, सम्मान पत्र व चैक प्रदान कर सम्मान किया। समारोह में राजस्थानलिंक डॉट कॉम के साथ में सन् क्रिप्टो जयपुर, श्री हनुमान सेवा समिति सालासर, श्री आर एन एज्युकेशनल इंस्टीट्यूट सालासर, सालासर परिक्षेत्र अग्रवाल समाज संस्थान सालासर, बीएम हॉटल एण्ड चैधरी पार्किग सालासर, न्यू भारत आटोमोबाईल एण्ड सर्विस सेन्टर सालासर, अंजना ग्रुप सालासर, श्री बालाजी मोती सीमेन्ट एजेंसी एण्ड स्टोन सालासर, विप्र सेवा समिति सालासर आदि सहयोगी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान सन् क्रियप्टो जयपुर के डायरेक्टर दिलखुश गुर्जर, राजस्थानलिंक डॉट कॉम के सीईओ भरत सैन, मनोज पुजारी, बेगाराम ढाका, डॉ. लादूसिंह राव, भंवरलाल प्रजापत, रणजीत गोदारा, धन्नाराम सेन, मुरली प्रजापत, नरेश अग्रवाल, योगेश प्रजापत, पूजा प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर लाठी-सरियों से हमला, नाबालिग से 5 हजार रूपए और मोबाइल छीना

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने नाबालिग पर लाठी-सरियों से हमला किया और उससे 5 हजार रुपए नकद व मोबाइल फोन भी छीन लिया। घायल नाबालिग के परिजनों ने बताया कि उनका बेटा अपने दोस्त के साथ बाजार से लौटकर घर में घरेलू काम कर रहा था। इसी दौरान साहिल और अदनान सहित करीब 10-15 युवक जबरन उसके घर में घुस आए। बिना किसी उकसावे के उन्होंने नाबालिग पर लाठी व सरियों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर इकट्ठा हुए लोगों ने बचाया अचानक हुए इस हमले से नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और हमलावरों से नाबालिग को बचाया। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के अन्य लोग भी एकत्रित हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल नाबालिग को निजी वाहन से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया, जहां डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने उसका इलाज शुरू किया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना अस्पताल चौकी पुलिस को दे दी है। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और परिजन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## युवती के अपहरण का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस थाने में प्रभात नगर के निवासी घनश्याम माली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी 24 वर्षीय भतीजी माया उर्फ भगवती को कोई 15 फरवरी को अपहरण कर ले गया। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल पोखरमल ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## अमरपुरा गौशाला में भामाशाह ने भेंट की कुर्सियां



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम पंचायत अमरपुरा में स्थित निर्माणाधीन नन्द बाबा गौशाला में ग्राम कालू का बास निवासी ओम प्रकाश ताराचंद मीणा ने अपने पिता की याद दो सीमेंट की कुर्सियां भेंट की। इस अवसर पर गौभक्त कालूराम झाझडिया ने भामाशाह का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी प्रकाश शर्मा, कमलेश दुंन, विष्णु शर्मा मौजूद रहे।

## दो स्थानीय अवकाश घोषित

**धौलपुर(निस)।** सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है। जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में कैलेंडर वर्ष 2026 ग्रेगोरियन ई. शक संवत 1947-48 के दौरान हनुमान जयंती 2 अप्रैल गुरुवार व देवछठ मचकुण्ड मेला 17 सितम्बर गुरुवार का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## थाने और वन चौकी के साये में हरे पेड़ों की कटाईः मनियां में धड़ल्ले से चल रहीं अवैध आरा मशीनें

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** कस्बे में मनियां थाना एवं वन चौकी से चंद कदमों की दूरी पर ही अवैध लकड़ी कारोबार फल-फूल रहा है। क्षेत्र में संचालित आरा मशीनों तक चोरी-छिपे हरे पेड़ों की लकड़ियां पहुंचाई जा रही हैं, जहां दिन-रात हजारों क्विंटल लकड़ियों की खपत की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक निर्देशों को दरकिनार कर अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई करवा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों की मेड़, सड़क किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में खड़े हरे पेड़ों को रात के अंधेरे में काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में तिरपाल से ढंककर आरा मशीनों तक पहुंचाया जा रहा है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि थाना व वन चौकी नजदीक होने के बावजूद इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते अवैध आरा मशीनें खुलेआम संचालित हो रही हैं। पूर्व में आरा मशीनों को बंद करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद कुछ दिनों की खानापूर्ति के बाद पुनः इन्हें संचालित कर दिया गया। दिन में मशीनें बंद रखी जाती हैं, जबकि रात्रि में चोरी-छिपे संचालन किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही पेड़ों की कटाई के चलते मनियां क्षेत्र धीरे-धीरे हरियाली विहीन होता जा रहा है। जहां पहले सड़कों के किनारे एवं खेतों में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे दिखाई देते थे, अब वहां सूनी जमीन नजर आने लगी है। वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन की ओर से अवैध लकड़ी परिवहन एवं कटाई के मामलों में कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध आरा मशीनों पर तत्काल कार्रवाई कर लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र की हरियाली को बचाया जा सके

## 111वां एसडीपी रक्तदान कर पत्रकार डॉ. राकेश वशिष्ठ ने बचाई गंभीर मरीज की जान

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर।** वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राकेश वशिष्ठ ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आपातकालीन सूचना मिलने पर एमडीएम अस्पताल पहुंचकर गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज को एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) रक्तदान किया। इसके साथ ही उन्होंने अपना 111वां रक्तदान पूर्ण किया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष डॉ. वशिष्ठ ने किसी पत्रकार की ओर से सर्वाधिक 106 बार व्यक्तिगत रक्तदान करने का रिकॉर्ड बनाया था, जिसे एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, नेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड एक्सीलेंस ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड व यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से आधिकारिक रूप से दर्ज कर प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान और उपलब्धियों के कारण डॉ. वशिष्ठ समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक स्वास्थ्य अनुमति देगा, तब तक वे रक्तदान का यह सेवा सफर जारी रखेंगे। उन्होंने आमजन से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति 90 दिन के अंतराल से वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है और इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। डॉ. वशिष्ठ विभिन्न सामाजिक



विषयों पर अपने लेख देश के अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों व पत्रिकाओं में लिखते रहे हैं। साथ ही उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में देहदान व अंगदान के लिए पंजीयन कर संकल्प लिया है और अब तक लगभग 542 लोगों को प्रेरित कर स्वैच्छिक देहदान व अंगदान के लिए पंजीयन भी करवाया है।

## एसएमएस चिकित्सालय के स्कूल ऑफ नर्सिंग में खेल सप्ताह का शुभारम्भ

### 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग, एसएमएस चिकित्सालय में खेल सप्ताह का शुभारम्भ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य व रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर जायस कुरियन रहीं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का समग्र विकास करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से नर्सिंग विद्यार्थी सकारात्मक ऊर्जा के साथ रोगियों की बेहतर सेवा करने में सक्षम बनते हैं और एक निपुण नर्स के रूप में आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन जावेद नकवी ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि खेल सप्ताह का आयोजन नर्सिंग फैकल्टी के आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में कुल 120 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। खेल सप्ताह के अंतर्गत कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, एथलेटिक्स एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए जायस कुरियन ने सेवानिवृत्त फैकल्टी विनोद



सक्सेना को दायित्व सौंपा। इस अवसर पर पूर्व रजिस्ट्रार गोविंद शर्मा, पूर्व रजिस्ट्रार महेश शर्मा तथा उपप्रधानाचार्य सुभाष जांगिड़ ने भी विद्यार्थियों को खेल भावना से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह में अनिल चौधरी, अनिता सिंह, रेनु शर्मा सहित अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## रमजान व होली से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

### प्रशासन से विशेष अभियान चलाने की अपील

जयपुर टाइम्स







**मकराना(निस)।** आगामी रमजान माह एवं होली पर्व को देखते हुए शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने की मांग उठने लगी है। स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर डीडवाना-कुचामन, उपखंड अधिकारी मकराना एवं नगर परिषद आयुक्त से शहर के सभी वार्डों, गली-मोहल्लों एवं मुख्य मार्गों पर व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है। नागरिकों का कहना है कि शहर के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं तथा कई स्थानों पर नालियां एवं चैम्बर जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड संख्या 14 एवं 15 स्थित अली चैम्बर गली, मदीना मस्जिद के पास जाम सीवरेज के कारण बदबूदार पानी सड़क पर फैलकर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं अस्पताल रोड तक पहुंच गया, जिससे स्थानीय निवासियों का आवागमन प्रभावित हुआ। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन रोड स्थित पुलिस चौकी के पास तथा इमाम चौक गोडाबास, अकरम कोल्ड ड्रिंक क्षेत्र में भी बार-बार सीवरेज जाम की समस्या सामने आ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रमजान माह में मस्जिदों के आसपास तथा होली के मद्देनजर मंदिरों के आसपास विशेष साफ-सफाई, नालियों की सफाई एवं चैम्बरों की मरम्मत का कार्य शीघ्र करवाया जाए, ताकि धार्मिक आयोजनों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

लोकतंत्र की ताकत को नया संबल

## पाली में मीडिया गैलरी का लोकार्पण, सांसद मदन राठौड़ ने सराहा पत्रकारिता का योगदान

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/पाली।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पाली प्रेस क्लब की नवनिर्मित मीडिया गैलरी का विधिवत लोकार्पण किया। एक दिवसीय पाली प्रवास के दौरान आयोजित समारोह में सांसद राठौड़ ने मीडिया को लोकतंत्र का सशक्त आधार बताते हुए उसकी सकारात्मक और जिम्मेदार भूमिका पर बल दिया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया देश और समाज का दर्पण है, जो व्यवस्था की खामियों के साथ-साथ समाज में हो रहे अच्छे कार्यों को भी सामने लाता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता और तथ्यपरकता के साथ सकारात्मक पहलुओं को प्रमुखता देना समय की आवश्यकता है, जिससे समाज में स्वस्थ संवाद और रचनात्मक वातावरण का निर्माण हो सके। सांसद राठौड़ ने पाली की मीडिया की सक्रियता और जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां के पत्रकारों से सदैव सीखने का अवसर मिला है। उन्होंने भविष्य में भी पत्रकार हित एवं विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री, डीआईजी आदर्श सिंधु, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह, आईएएस बिरजू गोपाल, एसडीएम विमलेन्द्र सिंह राणावत, सहायक निदेशक जनसंपर्क सौरभ सिंगारिया, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मीडिया गैलरी के नवीनीकरण कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे पत्रकारों के लिए सुविधाजनक पहल बताया। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार, संपादक, मीडिया प्रतिनिधि व कलेक्ट्रेट अधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन संदीप राठौड़ ने किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- दिनांकः- 17.02.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कातर छोटी में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 24 / 26.01.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 15/2025-26/ 16.02.2026 | ZCR2526A1567 | ZCR2526WSOB02715 | |
| 2 | 15/2025-26/ 16.02.2026 | ZCR2526A1568 | ZCR2526WSOB02716 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पंचायत समिति बीदासर